


## आधी रात की बारिश, लैंडस्लाइड और बर्बादी...

# चट्टानों से घिरे वायनाड में तबाही

हर साल केरल के किसी न किसी जिले से भूस्खलन की खबरें आती हैं। 2018, 19, 20, 22 और अब 24, कभी इडुकी, कभी वायनाड। सोचने वाली बात ये है कि देवताओं का राज्य कहे जाने वाले केरल में लगातार भूस्खलन की घटनाएं बढ़ती क्यों जा रही हैं? एक सेकेंड लगता है, कई मकान, जिंदगियां और खेत-खलिहान कब्रगाह बन जाते हैं।

**एजेंसी । वायनाड**

केरल के वायनाड में तेज बारिश की वजह से सोमवार देर रात 4 अलग-अलग जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। रात 2 बजे से सुबह 6 बजे के बीच हुए लैंडस्लाइड में 4 गांव बह गए। मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां भी बह गईं। अब तक 119 लोगों की मौत हो चुकी है। 116 अस्पताल में हैं, जबकि 98 से ज्यादा लोगों के लापता होने की खबर है। रेस्क्यू के लिए आर्मी, एयरफोर्स, SDRF और NDRF की टीम मौके पर मौजूद है। कन्नूर से आर्मी के 225 जवानों को वायनाड के लिए रवाना किया गया है। एयरफोर्स के 2 हेलिकॉप्टर भी रेस्क्यू के लिए भेजे गए, लेकिन बारिश के चलते उन्हें कोझिकोड लौटना पड़ा। सेना की स्पेशल डॉग यूनिट के ट्रेंड डॉग्स, जिनमें बेल्जियन मैलिनोइस, लैब्राडोर और जर्मन शेफर्ड जैसी नस्लें शामिल हैं, वायनाड में भूस्खलन प्रभावित मेप्पाड़ी के लिए रवाना किए गए हैं। इधर, केरल सरकार ने इस हादसे के बाद राज्य में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

### मुंडक्कई गांव में सबसे ज्यादा नुकसान, यहां 250 लोग फंसे

वायनाड का मुंडक्कई गांव लैंडस्लाइड की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां चूरलमाला को मुंडक्कई से जोड़ने वाला पुल बह गया है, जिससे क्षेत्र तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। NDRF की 20 सदस्यीय टीम पैदल चलते हुए यहां तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुंडक्कई में करीब 250 लोगों के फंसे होने की खबर है। यहां कई घर बह गए है। यहां 65 परिवार रहते थे। यहीं पास के एक टी एस्टेट के 35 कर्मचारी भी लापता हैं।



### वायनाड हादसे के अपडेट्स..

- वायनाड लैंडस्लाइड के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कंट्रोल रूम बना दिया है। साथ ही इमरजेंसी हेल्थ सर्विस के लिए दो हेल्पलाइन नंबर 8086010833 और 9656938689 जारी किए। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक वैथिरी, कलपट्टा, मेप्पाडी और मनंतवडी अस्पताल अलर्ट पर हैं।
- कोझिकोड जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा, सभी ग्रेनाइट खदानों को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए कहा गया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में लैंडस्लाइड में मारे गए लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने केरल सरकार को केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही मरने वालों के परिजन को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।
- लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायनाड की घटना पर सरकार से हर संभव मदद पहुंचाने की अपील की है। वे कल वायनाड दौरे पर जाएंगे।
- केरल के स्वास्थ्य मंत्री ऑफिस ने बताया है कि वायनाड के चूरलमाला में घायलों का इलाज करने के लिए एक मस्जिद और मदरसे में टेम्परेरी हॉस्पिटल बनाया गया है।

**दोपहर इनफो**

### 5 साल पहले इसी इलाके में लैंडस्लाइड से 17 मौतें हुईं


1848 वर्ग किलोमीटर के केरल में सबसे ज्यादा ढलानी इलाका पश्चिमी घाट में हैं। यानी वायनाड, कोझिकोड, मल्लपुरम, इडुकी, कोट्टायम और पत्थन्मथिट्टा जिला। इन जिलों में सबसे ज्यादा भूस्खलन के मामले सामने आते हैं। साल 2019 में कुल मिलाकर केरल के आठ जिलों ने 80 भूस्खलन की घटनाएं देखी थीं सिर्फ तीन दिन में। इसमें 120 लोग मारे गए थे। 2018 में दस जिलों 341 बड़े भूस्खलन हुए। अकेले इडुकी में 143 भूस्खलन. 104 लोगों की मौत हो गई थी।

## गहरी नींद, रात का सन्नाटा और...

# हावड़ा-मुंबई मेल पहले से डिरेल मालगाड़ी से टकराई

**एजेंसी । जमशेदपुर**

हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस (12810) हादसे की शिकार हो गई है। दरअसल, झारखंड के जमशेदपुर में यह पूरी ट्रेन पटरी ने नीचे उतर गई है। ट्रेन की कुछ बोगियां बगल में खड़ी माल गाड़ी से टकरा गईं। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। शुरुआत में इस हादसे में छह लोगों के घायल होने की बात सामने आई। लेकिन अब लगातार घायलों की संख्या बढ़ रही है। ताजा अपडेट के मुताबिक, 30 से ज्यादा लोग इस हादसे में घायल हो गए हैं। वहीं पूरी ट्रेन पटरी से उतरने के बाद अब अन्य कई ट्रेनें रद्द कर दी गईं हैं।



### मुआवजे का ऐलान

घटनास्थल पर साउथ ईस्टर्न रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा पहुंचे। जीएम ने मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया। हादसे में मारे गए लोगों को दस-दस लाख रुपए और घायलों को 5-5 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा। साथ ही इस हादसे की जांच रेलवे सेफ्टी बोर्ड से कराने को दिया गया है। तीन दिनों में इसकी रिपोर्ट आएगी। जीएम ने बताया कि परिचालन सामान्य होने में आठ से दस घंटे लगेंगे।

### क्या बोले अखिलेश यादव

रेल हादसे पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा, 'लगता तो यह है कि सरकार हर चीज में रिकॉर्ड बनाना चाहती है। कुछ दिनों पहले पेपर लीक रिकॉर्ड चल रहा था। उसके पीछे-पीछे ट्रेनों के एक्सीडेंट का भी रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इतना बड़ा बजट उनके पास है उसके बाद भी एक्सीडेंट क्यों हो रहे हैं? आम लोगों को सुविधाएं क्यों नहीं मिल रहीं हैं? जो आज हादसा हुआ है उनमें जान गंवाने वालों के परिवार की सरकार मदद करे और भविष्य में ऐसे हादसे न हो इसके लिए सरकार कोई पुख्ता इंतजाम करे।'

### मृतकों की हुई पहचान

हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस हादसे में मृत दोनों रेल यात्रियों की पहचान हो गई है। मृतकों में पी विकास राव और अजीत कुमार शामिल हैं। दोनों राउरकेला के निवासी बताए जा रहे हैं। दोनों का शव चक्रधरपुर लाया गया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

### हादसे की क्या है वजह?

पुलिस अधिक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि शुरुआती जांच में यह पता चला कि एक्सप्रेस ट्रेन ने एक मालगाड़ी को टक्कर मार दी। माल गाड़ी पहले से बेपटरी थी। टक्कर के बाद एक्सप्रेस ट्रेन भी पटरी से उतर गई।

### मनोज झा ने कवच पर कसा तंज

आरजेडी सासंद मनोज झा ने इस रेल हादसे पर कहा कि 'आप मुझे बताइए... कोई एक दिन बीत जाए जिस दिन कोई ट्रेन हादसा न हो तो ईश्वर को लोग धन्यवाद देते हैं। कवच को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की गईं थीं। मैं पूछना चाहूंगा कि कितने किलोमीटर कवच हुआ?'

# नवाब मलिक को 'सुप्रीम' राहत

- मेडिकल आधार पर सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत
- मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी हैं नवाब मलिक

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल आधार पर जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मलिक की ओर से पेश हुए वकील की दलीलों पर गौर किया कि मलिक कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

### नियमित जमानत याचिका के निपटारे तक रहेगी वैध

शीर्ष अदालत ने कहा कि मलिक की मेडिकल जमानत बॉम्बे हाईकोर्ट में नियमित जमानत याचिका के निपटारे तक वैध रहेगी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत देने का विरोध नहीं किया और कहा कि अंतरिम चिकित्सा जमानत को स्थायी किया जा सकता है।

### 2022 में नवाब मलिक को किया था गिरफ्तार



ईडी ने फरवरी 2022 में भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े मामले में मलिक को गिरफ्तार किया था। मलिक ने हाईकोर्ट से राहत मांगी थी और दावा किया था कि वह कई अन्य बीमारियों के अलावा क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित है। उन्होंने योग्यता के आधार पर जमानत भी मांगी थी। मलिक के खिलाफ ईडी का मामला वैश्विक आतंकवादी और 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मुख्य आरोपी दाऊद इब्राहिम तथा उसके साथियों के खिलाफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून के तहत दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है।

# पंजाब में बड़ा सियासी भूचाल

## अकाली दल ने 8 नेताओं को पार्टी से निकाला



**एजेंसी । चंडीगढ़**

लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद शिरोमणि अकाली दल (SAD) में उठी बगावत की आग शांत न होते देख शिरोमणि अकाली दल ने 7 विधान सभा क्षेत्रों के प्रभारी समेत 8 नेताओं को पार्टी से बर्खास्त कर दिया है।

### इन नेताओं का नाम शामिल

इन नेताओं में गुरप्रताप सिंह वडाला, बीबी जागीर कौर, प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा, परमिंदर सिंह ढींढसा, सिकंदर सिंह मलूका, सुरजीत सिंह रखड़ा, सुरिंदर सिंह ठेकेदार और चरणजीत सिंह बराड़ शामिल हैं। यह फैसला अनुशासन कमेटी की आपातकालीन बैठक में लिया गया। अनुशासन कमेटी के चेयरमैन बलविंदर सिंह भूंदड़ के नेतृत्व में हुई इस बैठक में महेश इंदर सिंह ग्रेवाल और गुलजार सिंह राणीके (टेलीफोन के माध्यम से) शामिल हुए।

## यशश्री शिंदे हत्याकांड

# दाऊद का कबूलनामा

## आरोपी दाऊद शेख ने पुलिस के सामने किया जुर्म कबूल

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

महाराष्ट्र के नवी मुंबई में बहुचर्चित यशश्री शिंदे हत्याकांड में कातिल दाऊद शेख ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। लेकिन अभी दाऊद ये नहीं बताया कि उसने यशश्री को क्यों मारा। एडिशनल सीपी दीपक सा के मुताबिक, दाऊद ने बताया कि दोनों के बीच अफेयर था। वो कुछ दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे। उन्होंने मिलने की प्लानिंग बनाई। फिर जगह और समय भी तय किया। इसके बाद उसने यशश्री को मार डाला। पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने दाऊद को 30 जुलाई को कर्नाटक के गुलबर्गा से गिरफ्तार किया है।

### इस तरह हुई गिरफ्तारी

डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित काले ने बताया- जब आरोपी को कर्नाटक के उसके गांव में पकड़ने गए, तो वो भागकर एक पहाड़ी पर झाड़ियों के बीच छुपा गया था। पुलिस की 8 टीमें उसकी तलाश कर रही थीं। आरोपी दाऊद घटना के दो दिन पहले ही बंगलौर से मुंबई आया था। हत्या की वारदात को अंजाम देकर वो वापस बेंगलुरु भाग गया।



### झाड़ियों के पास मिला था शव

गुरुवार को 25 जुलाई को यशश्री के पिता ने मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस को उरण रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों के पीछे मृतका का शव मिला। पुलिस ने बताया- इसके बाद हमने मर्डर की FIR दर्ज की और जांच शुरू की। हमें जितनी इन्फॉर्मेशन मिली उसके आधार पर जांच शुरू की। हमने डीसीपी जोन 2 और क्राइम ब्रांच की कुल 8 टीम बनाई थीं। हमें जांच के दौरान पता चला था कि दाऊद कर्नाटक में हो सकता है।

### बीजेपी महाराष्ट्र प्रदेश के कार्यालय सचिव मुकुंद नारायण कुलकर्णी की पत्नी का निधन

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



भारतीय जनता पार्टी, महाराष्ट्र प्रदेश के कार्यालय सचिव मुकुंद नारायण कुलकर्णी की पत्नी डॉ. अंजनाताई कुलकर्णी (उम्र 57 वर्ष) का प्रातः 03.30 बजे निधन हो गया। माहिम के हिंदुजा अस्पताल में इलाज के दौरान तीव्र हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार दोपहर 03.00 बजे शिवाजी पार्क, दादर श्मशान घाट पर किया जाएगा।

# सत्ता में वापसी का शिगूफा

- साल में 3 गैस सिलेंडर मुफ्त

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

सत्ता में वापसी के लिए सरकार ने मतदाताओं के लिए तिजोरी खोल दी है। मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना के अंतर्गत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने की योजना को अमल में लाने के बाद महिलाओं को तीन घरेलू सिलेंडर मुफ्त देने की योजना को अमल करने जा रही है। उसके लिए राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति और ग्राहक संरक्षण विभाग ने शासनादेश जारी किया है। शासनादेश के अनुसार, मुफ्त सिलेंडर योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जिनके नाम पर पहले से ही गैस कनेक्शन है। इस योजना में वे भी पात्र होंगे जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का पहले से ही लाभ उठा रहे हैं।

### एक परिवार में केवल एक व्यक्ति को ही लाभ



इसके साथ ही मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना के पात्र लाभार्थी परिवार इस योजना के लिए पात्र होंगे। राशन कार्ड के अनुसार एक परिवार में केवल एक व्यक्ति को ही लाभ मिलेगा। योजना उन गैस उपभोक्ताओं पर भी लागू होगी, जिनके पास केवल 14.2 किलोग्राम वजन का गैस सिलेंडर कनेक्शन है। 1 जुलाई 2024 को पात्र होने वाले लाभार्थियों को ही योजना का लाभ दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत लाभ

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर का नियमित वितरण तेल कंपनियों के माध्यम से किया जाता है। उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत 3 मुफ्त गैस सिलेंडर भी तेल कंपनियों ही वितरित करेंगी। केंद्र सरकार की 300 रुपये की सब्सिडी के अलावा, राज्य सरकार प्रति सिलेंडर 530 रुपये की राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में जमा करेगी।

## शिंदे सरकार ने वोटरों के लिए खोली तिजोरी

### प्रभावी अमल करने के लिए समिति

तीन घरेलु सिलेंडर मुफ्त योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए, समन्वय के लिए और लाभार्थियों के चयन के लिए मुंबई-ठाणे राशन क्षेत्र के लिए प्रत्येक जिले के लिए एक जिला स्तरीय समितियां गठित की गई हैं। मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे शहर के लिए समिति की अध्यक्षता नियंत्रक राशन और निदेशक नागरिक आपूर्ति, मुंबई करेंगे, जबकि जिला स्तरीय समिति संबंधित जिलों के कलेक्टरों की अध्यक्षता में कार्य करेगी।

# लाख कोशिश के बावजूद टैक्स वसूली में फेल प्रशासन

**713 करोड़ रुपया संपत्ति कर बकाया**

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी। भिवंडी मनपा बकाया करो की वसूली में लाख कोशिशों के बावजूद पूरी तरह फेल साबित हो रही है, जिसके कारण विकास की पटरी से उतरी मनपा की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए ₹अभय योजना₹ से ही आस रह गई है। इसके मद्देनजर मनपा प्रशासन ने बकाया करो की वसूली हेतु एक दिवसीय ₹अभय योजना₹की शुरूआत की थी। इस दौरान 733 करदाताओं ने एक दिन में 1 करोड़ 40 लाख बतौर टैक्स मनपा की तिजोरी में जमा किया।

भिवंडी मनपा का पुराना व नया व पुराना मिलाकर कुल 713 करोड़ रुपया संपत्ति कर बकाया है। मनपा कर्मियों द्वारा पूरी मेहनत किए जाने के बावजूद अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक 53 करोड़ 31 लाख रुपये की कर की वसूल हुई है। मनपा प्रशासन ने बकाया करों की वसूली हेतु 16




अक्टूबर से 31अक्टूबर 2023 व 9 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक दो बार अभय योजना लागू किया था। इस दौरान मनपा की तिजोरी में 25 करोड़ 29 लाख 67 हजार रुपया बतौर टैक्स की वसूली हुई थी, जबकि अभय योजना न लागू होने पर एक माह में सिर्फ 2 करोड़ 31 लाख रुपया ही टैक्स की वसूली हुई। जनता द्वारा बकाया टैक्सों को भरने में की जा रही उदासीनता के कारण मनपा की आर्थिक स्थिति काफी डामाडोल हो गई। मनपा प्रशासन द्वारा लाख कोशिश के बावजूद उन्हें सफलता नही मिल रही है।

**बकाएदारों उदासीन, अभय योजना से वसूली**

आयुक्त अजय वैद्य द्वारा टैक्सों की वसूली को लेकर सख्त कदम उठाने के साथ ही बकाएदारों की संपत्ति सील करने का आदेश दिए जाने के बावजूद बकाएदारों के कान में जूं नही रेंग रहा है, जिसके कारण थक हार कर मनपा प्रशासन ने एक बार फिर बकाया वसूली के लिए अभय योजना को हथियार बनाया है। इसके लिए मनपा ने 27 जुलाई 2024 को एक दिन के लिए अभय योजना लागू की थी।इस दौरान बकाया कर भरने पर टैक्सों पर लगे ब्याज में शत प्रतिशत की छूट दी गई।उस दिन कुल 733 संपत्ति मालिकों ने 1 करोड़ 40 लाख 05 हजार 249 रुपये कर भुगतान किया ।उक्त जानकारी कर मूल्यांकन अधिकारी गिरधारी घोष्टेकर ने दी है।उन्होंने बताया कि इस दिन राष्ट्रीय लोक अदालत₹ का आयोजन भी किया गया था।जहां पर पांचों प्रभाग समितियों संपत्ति कर और जल कर धारकों के बकाया के कुल 1689 मामले दायर किये गये।

# तीन नाबालिग लड़कियों का अपहरण

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी शहर में अलग-अलग इलाकों से एक ही दिन में तीन नाबालिग लड़कियों के अपहरण की शिकायत नजदीकी पुलिस में दर्ज करायी गयी है, इसके चलते कई नाबालिग बच्चियों के अभिवावकों में भय का वातावरण व्याप्त है।



**शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज**

गायत्रीनगर, रामनगर निवासी रीमा श्रवण कुमार गुप्ता की 16 वर्षीय बेटी लाजू को 27 जुलाई की सुबह करीब 7 :30 बजे घर से एक अज्ञात व्यक्ति बहला–फुसलाकर उसके परिवार से अलग कर अपहरण कर ले गया। एक अन्य घटना में, पीरानीपाड़ा शांतिनगर रोड के मोहम्मद अली हुसैन की 16 साल और 10 महीने की बहन घर में सो रही थी, जब सुबह 5 बजे के आसपास वह नहीं दिखी। जब उसे इलाके में और उसके रिश्तेदारों के यहां खोजा गया, तो वह नहीं मिली और माता–पिता ने शिकायत दर्ज कराई, जब उन्हें एहसास हुआ कि किसी ने अज्ञात कारण से उसका अपहरण कर लिया है। इन दोनों मामलों में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है।

**भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में तीसरा मामला दर्ज**

तीसरी घटना में नारपोली, विठ्ठलनगर के ऐनुलहक मोहम्मद शमीम अंसारी की नाबालिग बेटी उम्र 17 साल और 3 महीने, 25 जुलाई को लगभग पांच बजे सब्जी लाने के लिए विठ्ठल नगर के बाजार में गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। उसकी तलाश करने पर जब वह नहीं मिलने की पुष्टि हुई तब उन्हे लगा कि उसका किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है और लड़की के पिता की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# चार साल के बच्चे की हत्या

- सौतेले बाप ने पार कर दी क्रूरता की सभी हदें
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में टूटी मिली बच्चे की हड्डियां

दोपहर संवाददाता | मुंबई/ठाणे

मुंबई से सटे ठाणे में सीने को छलनी कर देने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने चार साल के बच्चे का शारीरिक यातनाएं देकर उसको मार डाला। पुलिस ने घटना के खुलासे पर आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी चार साल के बच्चे का सौतेला बाप था। उसने एक महिला से विवाह किया था। महिला जब कोलकाता से अपने बच्चे को लेकर आई तो उसने अपनाने से इंकार करते हुए मार डाला। पुलिस ने शुरुआत में बच्चे की मृत्यु के बाद पुलिस ने रविवार को आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि बच्चे को गंभीर रूप से शारीरिक प्रताड़ित किया गया था। इसमें यह भी पता चला कि उसकी पसली और हड्डी कई जगहों से टूटी हुई थीं और उसके पेट में अंदरूनी चोटें थीं। इसके बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामले की आगे की जांच जारी है।




**चितलसर थाने में दर्ज हुआ केस**

ठाणे शहर में पुलिस ने एक व्यक्ति को अपने चार वर्षीय सौतेले पुत्र को गंभीर शारीरिक यातना देकर उसे मार डालने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान दिलशाद के रूप में हुई है और उसे सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

**पहले बच्चे के बारे नहीं था पता**

बच्चे की मां ने अपने पहले पति से अलग होने के बाद आरोपी से शादी की थी। शादी के बाद वह, अपने बेटे मोहम्मद आर्यन को कुछ सप्ताह पहले कोलकाता से लेकर आई थी। पुलिस के अनुसार, महिला द्वारा बच्चे को यहां लाने से पहले तक उसका नया पति उसकी पिछली शादी से हुए बच्चे के बारे में अंजान था।

# हाइवे पर खड़े टेंपो को दूसरे टेंपो ने ठोका

**चालक की हुई मौत**

दोपहर संवाददाता | भिवंडी




मुंबई नाशिक हाइवे पर नियम कानून को ताक पर रखकर खड़ी किए गए टेंपो को पीछे से आ रहे तेज गति की टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके कारण उसके चालक की मौत हो गई। पुलिस ने सड़क पर खड़े टेंपो चालक पर केस दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**अत्यधिक रक्तस्त्रव के कारण मौत**

पुलिस के अनुसार, भिवंडी के आमपाड़ा में स्थित सुपर बेकरी के पास रहने वाला सुफियान अंसारी (21)अपने मित्र नदीनाका निवासी सलमान सिद्धिकी (21)के साथ 28 जुलाई को मुंबई नाशिक हाइवे द्वारा टेंपो से ठाणे से आ रहा था। जैसे ही उक्त टेंपो शाम 3.30 बजे ठाकुर पाड़ा में डायमंड लॉज के सामने पहुंचा, इसी दौरान एम एच 40 सी एम 5591 नंबर की टेंपो सड़क पर नियम कानून को ताक पर रखकर डिवाइडर से लगाकर खड़ी थी, जिसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में टेंपो चालक सलमान की जोरदार चोट लगने के कारण अतिरक्तश्राव के कारण मौत हो गई। इस मामले में कोनगांव पुलिस ने सुफियान की शिकायत पर सड़क पर मनमानी तरीके से टेंपो खड़ी करने वाले चालक पर बीएनएस की धारा 285,106,125 के तहत केस दर्जकर उसकी तलाश में जुट गई है।

## चेन स्नैचर ने रिक्शा सवार महिला के गले की डेढ़ लाख की चेन छिनैती

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी पुलिस उपायुक्तालय क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है और आए दिन चोरी के साथ-साथ कई इलाकों में चोरी और चेन स्नैचिंग की घटनाएं हो रही हैं। ऐसी ही एक घटना में भादवड़ में एक महिला के गले से डेढ़ लाख की सोने की चेन छीन कर दो पहिया वाहन सवार फरार हो गए । उक्त घटना से महिलाओं में भय का वातावरण व्याप्त है, वहीं भिवंडी पुलिस चेन स्नैचरो को पकड़ने में असफल साबित प्रतीत हो रही है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई के मुलुंड पश्चिम में रहने वाली 45 वर्षीय महिला अरमुगकानी वेलराज नाडार दोपहर करीब 2.30 बजे रिक्शे से भादवड़ स्थित स्वामी नारायण मंदिर जा रही थीं। काले दोपहिया वाहन पर सवार दो अज्ञात चोरों ने रिक्शे से बाइक से महिला के गले से डेढ़ लाख रुपए की पांच तोले की सोने की चेन खींच कर फरार हो गए।

# 4 अगस्त को अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर


महाराष्ट्र शासन सांस्कृतिक कार्य विभाग अधीनस्थ महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी, मुंबई व उल्हासनगर महानगर पालिका और सिंधी साहित्य संगत द्वारा अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है । यह आयोजन 4 अगस्त को सिंधु भवन, सपना गार्डन के पास, उल्हासनगर 3 में रखा गया है। इस सम्मेलन में राजकुमार मसंद (रायपुर), कैलाश शादाब (रायपुर), विनोद आसुदानी (नागपुर), कनायो शेवानी (भोपाल), शोभा माल्ही चंदनानी (मुंबई), हरि चोइथानी (उल्हासनगर), नीता लालवानी (उल्हासनगर), मंथन बचानी (मुंबई), प्रिया वाछाणी (उल्हासनगर) शामिल होंगे।

# पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी पर किया चाकू से हमला

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन इलाक़े में एक पति ने अपनी माशूका के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। इस प्रकरण में पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति और इसकी प्रेमिका के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं**



पुलिस के अनुसार, सोमवार के रोज मानकोली गांव स्थित दत्ता मंदिर के पास रहने वाली सरिता सुरेश माली 28 वर्षीय महिला ने नारपोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति सुरेश सिनवार माली 32 वर्ष ने फोन पर उसे और उसकी मां से गाली गलौज किया था। जिसका कारण पूछने के लिए जब शिकायतकर्ता अपने पति के घर गई। तब वहां उसके पति सुरेश माली और उसकी प्रेमिका गौरी पाटील ने शिकायतकर्ता को गाली दी और लोखंड की रॉड से मारा। इतना ही नहीं महिला के पति ने हाथ में चाकू केलर पत्नी को धमकाते हुए उसकी गर्दन पर मारा। जिसके कारण महिला घायल हो गई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति सुरेश सिनवार माली और उसकी प्रेमिका गौरी पाटील के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1), 352 व महा पुलिस अधिनियम की धारा 37(1), 35 के राहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने अभी तक उक्त आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इसकी कार्रवाई पुलिस उपनिरीक्षक सायली शिंदे कर रही है।

## यह घोषणपत्र राकांपा का होना चाहिये : जितेंद्र आव्हाड

# टीम ओमी कालानी का 24 मुद्दों का घोषणपत्र जारी

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उल्हासनगर के पूर्व विधायक पप्पू कालानी के पुत्र ओमी कालानी इस बार उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं और इसकी औपचारिक धोषणा गोवा में एक कार्यक्रम करके की। इस अवसर पर जितेंद्र आव्हाड भी उपस्थित होते हुए ओमी कालानी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि टिकट किसे देना देना है, इसका फैसला पार्टी हाईकमान करेगी। उन्होंने कहा कि यह घोषणापत्र टीओके का नहीं बल्कि राकांपा का होना चाहिये। टी.ओ.के.(टीम ओमी कालानी) द्वारा आनेवाले विधानसभा चुनाव पर चर्चा करने हेतु गोवा में पार्टी की तरफ से अधिवेशन रखा गया, जिसमें पार्टी ने एक कोर कमिटी बनाई है, जिसका अध्यक्ष पद पूर्व कॉंग्रेस ज़िला अध्यक्ष रहे डॉ. जयराम लुल्ला को सौंपा गया।

**18 लोगों की कोर कमिटी में व्यापारी वर्ग, उत्तर भारतीय, मुस्लिम समाज और समाज सेवक शामिल**



टीओके द्वारा बनाये गए 18 लोगों की कोर कमिटी में व्यापारी वर्ग, उत्तर भारतीय, मुस्लिम समाज ऐसे बहुत सारे समाज सेवकों को शामिल किया गया है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उल्हासनगर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये टीम ओमी कालानी द्वारा 24 मुद्दों का मेनिफेस्टो टीओके नेता मनोज लासी द्वारा आयोजित चर्चासत्र में ज़ाहिर किया गया, जिसमें उल्हासनगर में हर माह जनता दरबार, फ्लाईओवर कल्याण अंबरनाथ रोड से डीमार्ट मुरबाड रोड तक, वालधुनी तक फ्लाईओवर प्रेम ऑटो तक, शहद ब्रिज आरओबी एक्सटेंशन, गोल मैदान को खेल परिसर घोषित करना, बोट क्लब पर उल्हास क्लब, पार्किंग प्लाजा गोल मैदान पर, बाढ़ से बचाव के लिए रिटेनिंग वॉल, स्वयं का जल उपचार संयंत्र, हाथगाड़ी टैक्स रद्द करवाना, चन्द्रशेखर आज़ाद यू.पी.भवन का निर्माण बोट क्लब में, जयभीम भवन और गार्डन का निर्माण, सावित्रीबाई फुले महिला प्रशिक्षण केंद्र, आनंद नगर पहला गेट एमजीपी मैदान, डॉ.अब्दुल कलाम मुस्लिम युवा प्रशिक्षण केंद्र गुलशन नगर, शहाड यहां, रोटरी मिडटाउन गोल मैदान में हर सप्ताह आरटीओ कैंप, एमएसईबी कार्यों में सुधार, सेंट्रल अस्पताल में सुधार, म्हारल वरप काम्बा एमआईडीसी ज़ोन की घोषणा, म्हारल वरप काम्बा पुलिस स्टेशन को उल्हासनगर –1 पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित, गृह कर एवं जल कर में कटौती, एलपीजी पाइपलाइन, उल्हासनगर 5 में मुस्लिम दफ़नभूमि, लबाना समाज और लबान जाति प्रमाण पत्र में दुरुस्ती, चालीहा साहिब मंदिर और अंबरनाथ मंदिर को तीर्थ स्थल घोषीत करवाना, उल्हासनगर ब्लड बैंक का निर्माण करवाना इत्यादी आवश्यकताओं पर घोषणापत्र जारी किया गया।

# एसटी बस चालक ने बाइक सवार को मारी ठोकर

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी में एसटी महामंडल बस के चालक ने एक मोटर साईकिल सवार को ठोकर मार दी है। जिस से मोटर साईकिल सवार का दायां पैर फैक्चर हो गया है। भिवंडी में एसटी महामंडल बस नागरिकों को सेवा प्रदान कर रही है। वहीं एसटी महामंडल बस के सभी चालकों को अक्षर तेजगति से बस चलाते देखा जाता है, जो छोटे वाहनों को कट मार कर आगे निकलने के प्रयास में लगे रहते है। सूत्रों का कहना है कि उक्त बस चालक कट मार कर आगे निकलने की चक्कर में कभी डिवाइडर तो कभी बड़े वाहनों को बिल्कुल सटा कर बस चलाते है। इसके कारण भिवंडी में एसटी महामंडल की सभी बसें हर तरफ से डेमेज और भंगार दिखाई देती है।

**बाइक सवार का पैर फैक्चर**




**मामला दर्ज, बस चालक को नोटिस**

इसी तरह सोमवार के रोज दोपहर तीन बजे के करीब गुलजार नगर निवासी वसीम शमीम अंसारी 31 नमक युवक अपनी मोटर साईकिल लेकर किसी काम से धामनकर नाका की ओर जा रहा था। जैसे ही वे आनंद दिघे चौक पर पहुंचा तभी पीछे से एसटी महामंडल की बस नंबर एमएच–13. सीयू–7922 के चालक ने उसकी मोटर साईकिल को पीछे से ठोकर मार दी । जिसके कारण उक्त युवक मोटर साईकिल समेत नीचे गिर पड़ा। इस हादसे में युवक का दायां पैर फैक्चर हो गया है। जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस प्रकरण में शहर पुलिस स्टेशन ने उक्त युवक की शिकायत पर बस चालक आरिफ अब्दुल गफूर जमादार 43 वर्ष निवासी विठ्ठल वाडी बस डेपो, कल्याण के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा बस चालक को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 35(3) के तहत नोटिस दिया गया है।

# महालक्ष्मी ज्वैलर्स में डकैती का प्रयास विफल

## दुकान को लूटने से पहले ही पुलिस व लुटरों के बीच मुठभेड़

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन हद में महालक्ष्मी ज्वेलर्स नामक दुकान में डकैती डालने का प्रयास करने वाले पांच आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है. वहीं दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार होने का प्रयास का प्रयास कर रहे थे, उन्हें हिल लाइन पुलिस ने फिल्मी अंदाज में उनका पीछा किया और तुरंत गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।



**फिल्मी स्टाइल में दौड़ाकर पकड़ा**

बता दें कि हिललाइन पुलिस स्टेशन रिकॉर्ड में दर्ज गुन्हेगार युवराज पवार और राहुल गायकवाड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर 22 जुलाई को पुराने विवाद को लेकर एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई की थी .उसके उपरांत उन्होंने नेताजी चौक पर दुकानदार को पिस्तौल का भय दिखाकर प्रति माह 5000 रुपये की रंगदारी मांगी .इन दोनों द्वारा हिल लाइन पुलिस की हद में शांति भांग कर आंतक फैलाने का प्रयास किये जाने की शिकायतों के बाद पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे, सहायक पुलिस आयुक्त सुरेश वराडे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई .इसी बीच पुलिस को गुप्त मुखबिर से सूचना मिली कि युवराज पवार और राहुल गायकवाड़ अपने साथियों के साथ नेवाली नाका स्थित महालक्ष्मी ज्वैलर्स नाम की दुकान में डकैती डालने जा रहा है .मिली इस जानकारी के आधार पर पुलिस की विशेष टीम डकैती करने की तैयारी कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस, लोहे का सरिया, मिर्च पाउडर, तार और रस्सी बरामद की गई है .इस दौरान दो आरोपी आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भगने का प्रयास कर रहे थे। इन्हें पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में दौड़ाकर पीछा किया और उन दोनो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में हिललाइन पुलिस ने पांच आरोपियों युवराज पवार, राहुल गायकवाड़, वासुदेव फकीरा, कल्पेश बाविस्कर, अजय उर्फ कोयता पिल्ले को गिरफ्तार किया है।

## किन्नर समाज ने किया लक्ष्मीआई आषाढ़ माह कलश का पूजन



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

हर साल की तरह आषाढ़ महीने में इस साल भी अपनी धार्मिक परम्परा कायम रखते उल्हासनगर के किन्नर समाज द्वारा उल्हासनगर कैम्प- 4 के गांवदेवी मंदिर में लक्ष्मीआई कलश पूजन का आयोजन किया गया। दिव्य आखाड़ पानी सोहळा के नाम से हर साल सैकड़ों किन्नर समुदाय मित्रों की उपस्थिति में भव्य जुलूस के साथ 7 कलशों का पूजन होता है। उल्हासनगर कैम्प 4 के गांवदेवी मंदिर के प्रांगण में ही लक्ष्मीआई को पूजते हुए भजन कीर्तन के साथ कलश पूजन किया गया।

# रायगढ़ में बाढ़, मची तबाही

## अब तक चार लोगों की मौत, 500 मकान ढहे

दोपहर संवाददाता | रायगढ़

रायगढ़ जिले में पिछले 15 दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार तूफानी बारिश से अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही बारिश से जिले में 500 मकान ढह गए हैं। जिले में लगातार हो रही बारिश से जिले की सावित्री, अंबा, कुंडलिका आदि नदियों में बाढ़ आ जाने से अब तक 3 हजार 389 लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित करके सरकार की ओर से हर तरह की मदद दी जा रही है।



**जिला प्रशासन ने नुकसान का जायजा लेने की शुरुआत की**

जिले में बारिश का जोर कुछ कम हुआ है, इसलिए जिला प्रशासन ने नुकसान का जायजा लेने की शुरुआत की है। रायगढ़ जिले की पेन तहसील में स्थित सपोली गांव में तूफानी बारिश में गिरे पेड़ से दबने से आदिवासी यश नाइक की मौत हो गई है। महाड तहसील में नदी में डूब जाने से नामदेव अंबावले मृत्यु हो गई है। इसी तरह वलन खुर्द में 62 वर्षीय व्यक्ति बालाजी उटेकर की और मनगांव तहसील के टेंपले गांव नसरीन गोडमे की बाढ़ के पानी में डूब जाने से मौत हो गई है।

**जिले की 14 तहसीलों में 11 पक्के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त**

जिले में भारी बारिश से नदियों में आई बाढ़ के कारण ताला, पोलादपुर, महाड, खालापुर, कर्जत, मनगांव और मुरुड तालुका के हजारों नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। 126 परिवारों के 416 नागरिकों को उनके रिश्तेदारों के पास, 856 परिवारों के 2973 नागरिकों को आश्रय शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने 982 परिवारों के कुल 3 हजार 389 नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




**अनमोल विचार** विज्ञान की खोज निरंतर सीखने और खोज की यात्रा है : फ्रेडरिक वोहलर

# खेल-खेल में बच्ची ने गंवाई जान

- भाई- बहनों के साथ खेल रही थी सात साल की बच्ची
- पड़ोसियों ने बच्ची को निजी अस्पताल में कराया भर्ती

**मुंबई।** मुंबई में अपने घर में भाई-बहनों के साथ खेलते समय रस्सी की सीढ़ी में उलझने से सात साल की एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार को शिवाजी नगर इलाके में एक घर की है। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर को माता-पिता के किसी कार्य से घर से बाहर जाने पर आकृति सिंह अपने भाई-बहनों और एक दोस्त के साथ लुका-छिपी का खेल खेल रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान रस्सी की सीढ़ी उसके गले में उलझ गई।



### बहन ने लगाई मदद की गुहार

अधिकारी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन ने मदद के लिए आवाज लगाई, जिसके बाद पड़ोसियों ने बच्ची को एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# मराठवाड़ा, विदर्भ समेत कोकण में पैदा होंगी 20 हजार नौकरियां

- महाराष्ट्र में 81 हजार करोड़ का होगा निवेश

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में निवेशकों का प्रवाह बढ़ रहा है और मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की कैबिनेट उप-समिति ने 81 हजार 137 करोड़ रुपए की 7 मेगा और सुपर मेगा परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इसमें उच्च प्रौद्योगिकी आधारित लिथियम बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर चिप, फलों के गूदे निर्माण परियोजनाएं शामिल हैं। खास बात यह है कि मराठवाड़ा, विदर्भ के साथ कोंकण में बड़े पैमाने पर निवेश की तैयारी चल रही है। इससे राज्य में लगभग 20 हजार लोगों को सीधे रोजगार उपलब्ध होगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, उद्योग मंत्री उदय सामंत, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव आई. एस. चहल, प्रधान सचिव विकास खड़गे, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डॉ. हर्षदीप कांबले आदि उपस्थित थे।



### प्रोत्साहनों की घोषणा

इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक नीति के तहत सामूहिक प्रोत्साहन योजना के तहत विभिन्न प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है। आज की बैठक में उच्च प्रौद्योगिकी लिथियम आयन सेल / बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर चिप्स, सौर पीवी मॉड्यूल और इलेक्ट्रोलाइजर, फलों के गूदे और जूस पर आधारित विनिर्माण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

### परियोजनाओं का विवरण

- जेएसडब्ल्यू एनर्जी PSP XI लिमिटेड का एक विशाल लिथियम बैटरी विनिर्माण परियोजना में निवेश। यह प्रोजेक्ट नागपुर क्षेत्र में किया जाएगा। प्रोजेक्ट में कुल 25 हजार करोड़ का निवेश होगा। 5000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी।
- जेएसडब्ल्यू ग्रीन मोबिलिटी लिमिटेड कंपनी इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन निर्माण में भारी निवेश करने वाली राज्य की पहली मेगा-प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट छत्रपति संभाजीनगर में होगा। इस प्रोजेक्ट में कुल 27 हजार 200 करोड़ का निवेश होगा और 5200 से ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी। इस परियोजना में सालाना 5 लाख इलेक्ट्रिक यात्री कारों और 1 लाख वाणिज्यिक कारों का निर्माण करने की योजना है।
- हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेज के माध्यम से फलों के गूदे और जूस आधारित उत्पाद निर्माण की एक बड़ी परियोजना रत्नागिरी में होगी। 1500 करोड़ का निवेश होगा।
- आरआरपी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी तलोजा/पनवेल, जिला के माध्यम से सेमीकंडक्टर चिप्स के निर्माण के लिए एकीकृत परियोजना। रायगढ़ / पुणे / शेष महाराष्ट्र में स्थापित किया जाएगा।
- यह महाराष्ट्र में पहली सेमीकंडक्टर विनिर्माण परियोजना है। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में 12 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। 4000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी। दूसरे चरण में सिर्फ इतना ही निवेश किया जाएगा। परियोजना का काम महापे, नई मुंबई में शुरू हो गया है और पायलट आधार पर सितंबर 2024 तक चालू हो जाएगा।
- अतिरिक्त एमआईडीसी, बुटीबोरी जिला में अवाडा इलेक्ट्रो कंपनी की सौर पीवी मॉड्यूल और इलेक्ट्रोलाइजर की एकीकृत परियोजना। नागपुर और एमआईडीसी भोकरपाड़ा, पनवेल जिला। इस क्षेत्र में बनेगा रायगढ़। कंपनी के माध्यम से राज्य में उच्च तकनीक पर आधारित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत की परियोजना स्थापित की जायेगी। प्रोजेक्ट में कुल 13 हजार 647 करोड़ का निवेश होगा, जिससे 8000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होंगी।
- पेरनॉर्ड रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एडिशनल बुटीबोरी एमआईडीसी, नागपुर में एक बड़ी शराब निर्माण परियोजना स्थापित करने की योजना है। प्रोजेक्ट में रु. 1785 करोड़ का निवेश होगा।

**न्यूज़ ब्रीफ**

# राज ठाकरे को 'सुपारीबाज' कहना पड़ा भारी



### राकांपा विधायक अमोल मिटकरी की गाड़ी में तोड़-फोड़

**मुंबई/आकोला।** आकोला जिले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने राज ठाकरे को 'सुपारीबाज' कहने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा अजीत पवार) के विधायक अमोल मिटकरी की गाड़ी में तोड़-फोड़ की है। इससे आकोला सर्किट हाउस पर तनाव की स्थिति बन गई लेकिन पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया है।

### अकोला पुलिस स्टेशन में दर्ज

अमोल मिटकरी ने कहा कि वे इस मामले की शिकायत आकोला पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाएंगे। अमोल मिटकरी ने यह भी कहा कि वे कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं देना चाहते, वर्ना जैसे को वैसा जवाब दे सकते थे। अमोल मिटकरी ने पत्रकारों को बताया कि उनके नेता के विरुद्ध अगर कोई गलतबयानी की तो करारा जवाब दिया जाएगा। मनसे प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने कहा कि यह क्रिया पर प्रतिक्रिया है, उन्हें इस तरह की प्रतिक्रिया देने वाले कार्यकर्ताओं पर गर्व है।

### क्या है मामला ?

मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने सोमवार को अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार पर व्यंगात्मक टिप्पणी की थी। इसके बाद अमोल मिटकरी ने राज ठाकरे को 'सुपारीबाज' कहा था। इसी वजह मनसे कार्यकर्ता अमोल मिटकरी से खफा थे और आज आकोला में उनकी कार की तोड़फोड़ की है।

**घाटकोपर होर्डिंग मामला**

# उच्चस्तरीय जांच के लिए 6 सदस्यीय कमेटी का गठन



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के घाटकोपर इलाके में अवैध होर्डिंग ढहने के मामले को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया। घाटकोपर हादसे में 17 लोगों की मौत हुई थी। सरकार द्वारा गठीत समिति की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश दिलीप भोसले करेंगे, जबकि पुलिस महानिदेशक, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अतिरिक्त आयुक्त, आईआईटी बॉम्बे के एक इंजीनियर, एक आयकर अधिकारी और एक चार्टर्ड अकाउंटेंट इसके सदस्य होंगे।

### गृह विभाग ने जारी किया आदेश

राज्य के गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुरूप समिति के कार्यक्षेत्र में होर्डिंग और पेट्रोल पंप के लिए जिम्मेदार संस्थाओं की भूमिका की जांच करना शामिल है। इस कमेटी को सरकारी और रेलवे संपत्तियों पर होर्डिंग को मंजूरी देने की प्रक्रिया का मुल्यांकन करने और भविष्य में ऐसी घटनाएं होने से रोकने के लिए सिफारिश करने का काम भी सौंपा गया है। समिति भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए रेलवे या पुलिस की सभी भूमि पर होर्डिंग लगाने की नीति की समीक्षा करने की भी सिफारिश करेगी। साथ ही पेट्रोल पंपो और होर्डिंग के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया कि विश्लेषण करना और सुरक्ष बढ़ाने के लिए अवैध संचालन रोकने के लिए नितिगत बदलावों को लेकर सुझाव भी देगी।

# लालबाग में रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट होने से 4 घायल



**मुंबई।** लालबाग में डॉ. एसएस राव रोड पर स्थित मेघवाड़ी बिल्डिंग नंबर 3 के एक घर में मंगलवार को सुबह करीब 5 बजे रसोई गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो जाने से एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। इनमें से दो घायलों को कस्तुरबा अस्पताल और दो को मसीना अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। विस्फोट के बाद घर में लगी आग पर काबू पा लिया है लेकिन घर का सारा जरूरी सामान जलकर खाक हो गया है। पुलिस के अनुसार, मेघवाड़ी बिल्डिंग स्थित एक घर में अचानक रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस घटना में कुंदा मिलिंद राणे (48 वर्ष), अथर्व मिलिंद राणे (10 वर्ष), वैष्णवी मिलिंद राणे (10 वर्ष ) और अनिकेत विलास डिचवलकर (27 वर्ष) झुलस गए। इन चारों का इलाज चल रहा है। इनमें से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# मध्य रेल के पर्वतारोहियों ने हासिल की अविश्वसनीय उपलब्धि

- ऑपरेशन विजय की स्मृति में माउंट टोलोलिंग चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की
- टोलोलिंग चोटी पर चढ़ने के लिए पहला नागरिक अभियान

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल के पर्वतारोहियों की टीम 25वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सेंट्रल रेलवे, एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब (सीआरएएससी) के तत्वावधान में सेंट्रल रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (सीआरएसए) के सहयोग से दिनांक 29.07.2024 को द्रास-कारगिल सेक्टर में टोलोलिंग चोटी पर चढ़ने की शानदार सफलता हासिल की है।




### महाप्रबंधक राम करन यादव के कुशल मार्गदर्शन में चला अभियान

मध्य रेल के महाप्रबंधक राम करन यादव के कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणा के साथ, जिन्होंने इस अनूठे प्रयास की परिकल्पना और मार्गदर्शन किया, 16 जुलाई को मुंबई से रवाना हुई टीम ने 29 जुलाई को सफलतापूर्वक चोटी पर चढ़ाई की। टीम ने सुबह 5 बजे अभियान शुरू किया और सुबह 10.30 बजे शिखर पर पहुँची, सेना कर्मियों द्वारा अनुमानित समय से भी 90 मिनट पहले अभियान पूरा किया। यह टीम रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित अभियान का हिस्सा थी, जो ऑपरेशन विजय में भाग लेने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि थी। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है, जिस दिन भारतीय सैनिकों ने 1999 में दुश्मन द्वारा कब्जा किए गए पहाड़ की ऊंचाइयों पर फिर से कब्जा कर लिया था। यह दिन उनके साहस और राष्ट्र के लिए उनके द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। यह टोलोलिंग चोटी पर पहला नागरिक अभियान था और रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना ने इस अभियान के लिए निरंतर और अथक समर्थन प्रदान किया है।

# 60 साल बाद निकला खालसा भूमि का हल

- देवेंद्र फडणवीस ने किया बड़ा फैसला

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने मराठवाड़ा डिवीजन में बड़े पैमाने पर खालसा (सरकार प्रदत्त मालिकाना हक रहित) वर्ग 2 की इनाम और देवस्थान भूमि को वर्ग 1 में लाने का निर्णय लिया है। सरकार खासकर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस साहसिक निर्णय से क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को मंजूरी मिल गई है और लाखों नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। अब ये जमीनें मूल मालिक को दी जाएंगी। फडणवीस ने इस संबंध में प्रस्ताव राज्य कैबिनेट की बैठक में रखने का आदेश दिया है। इस बैठक में राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल भी मुख्य रूप से मौजूद थे।



### लगभग 13,803 हेक्टेयर खालसा भूमि

मराठवाड़ा में लगभग 13,803 हेक्टेयर खालसा भूमि है। 2015 में सरकार ने मराठवाड़ा की खालसा भूमि और अनुमति के बिना हस्तांतरित की गई उक्त भूमि को वर्ग 2 से वर्ग 1 में नियमित करने के लिए भुगतान की जाने वाली राशि का 50% निर्धारित की थी। मंत्री विखे पाटिल ने इस संबंध में बड़ी पहल की थी। चूँकि यह राशि अधिक थी, हस्तांतरण को अपेक्षित प्रतिसाद नहीं मिला। इसलिए मराठवाड़ा के कई जनप्रतिनिधियों ने नजराने की राशि कम करने की मांग की। मंगलवार की बैठक में उप मुख्यमंत्री फडणवीस ने निर्देश दिया कि खालसा भूमि के हस्तांतरण के मामले में नजराना सरकार द्वारा नजूल भूमि के हस्तांतरण के संबंध में लिए गए पुराने निर्णय के अनुरूप 5% की दर से लिया जाए।

### लगभग 42,710 हेक्टेयर खिदमतमाश भूमि

इसी तरह, मराठवाड़ा में लगभग 42,710 हेक्टेयर खिदमतमाश (मुस्लिम कानून के तहत सार्वजनिक वक्फ) भूमि है।

इन खिदमत माश जमीनों पर भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण हुआ है। इसलिए, ऐसी भूमि के हस्तांतरण के लिए प्रावधान करने की आवश्यकता थी। इसलिए, मराठवाड़ा में खिदमत माश इनाम भूमि के हस्तांतरण की 100% दर से निगरानी की जानी चाहिए और हस्तांतरण को नियमित किया जाना चाहिए, इसके लिए उप मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि एक उपयुक्त प्रस्ताव तुरंत निर्णय के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाना चाहिए। इस 100% नजराना राशि में से 40% राशि मंदिर के स्थायी रखरखाव के लिए दी जाएगी और 20% राशि मंदिर के अर्चक को दी जाएगी जबकि शेष 40% राशि सरकार के पास जमा की जाएगी, उपरोक्त दोनों निर्णयों से मराठवाड़ा के आम नागरिकों का 60 वर्ष पुराना भूमि विवाद समाप्त हो जायेगा।

### मुक्त हो जाएगी 55 हजार हेक्टेयर जमीन

इस फैसले से मराठवाड़ा के छत्रपति संभाजी नगर, जालना, परभणी, नांदेड़, हिंगोली, बीड, लातूर, धाराशिव जिलों में करीब 55 हजार हेक्टेयर जमीन खुल जाएगी। बैठक में खासदार अशोक चव्हाण, सुरेश दास, राणा जगजीत सिंह पाटिल, राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार, छत्रपति संभाजीनगर संभागीय आयुक्त दिलीप गावडे, उप मुख्यमंत्री के सचिव श्रीकर परदेशी और अन्य उपस्थित थे।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्रमांक | बोली संख्या 2024_एमसीजीएम_1060553 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | के.बी. भाभा अस्पताल, कुर्ला (पश्चिम) में संबद्ध कार्यों के साथ 'रुग्ना मित्र' के लिए पूर्ण सुसज्जित पोर्टेबल कार्यालय 'हेल्पडेस्क' केबिन का एस.आई.टी.सी.। |
| जांच शुल्क | रु.1,320/-+18.0% जीएसटी |
| ई-निविदा की लागत/ (अनुमानित लागत) | NA |
| निविदा सुरक्षा जमा (ईएमडी) | रु.9000/- |
| निविदा जारी और बिक्री की तिथि | 31/07/2024 को शाम 05.00 बजे से |
| अंतिम तिथि व समय निविदा बिक्री की और निविदा सुरक्षा जमा की रसीद | 08/08/2024 को शाम 05.00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी जमा करना (ऑनलाइन) | 08/08/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| बोली पूर्व बैठक | NA |
| पैकेट 'ए' खोलना | 09/08/2024 को दोपहर 03.0 बजे के बाद |
| पैकेट 'बी' खोलना | 09/08/2024 को शाम 03.10 बजे के बाद |
| पैकेट 'सी' खोलना | 14/08/2024 को दोपहर 03.00 बजे के बाद |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालयः चिकित्सा अधीक्षक, एमसीजीएम खान बहादुर भाभा अस्पताल, कुर्ला(प.), मुंबईः 400070 |
| बोली खोलने का स्थान | ऑनलाइन चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय |

निविदा दस्तावेज बीएमसी की वेबसाइट (https://portal.mcgm.gov.in) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

पीआरओ/725/विज्ञा./2024-25

हस्ता./
**चिकित्सा अधीक्षक**
खान बहादुर भाभा अस्पताल कुर्ला (प.)

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

# प्रतिभाओं की जलसमाधि

राजधानी दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं में सुनहरे सपनों के लिये कोचिंग ले रहे तीन प्रतिभागियों की डूबने से हुई मौत ने पूरे देश को झकझोरा है। अवैध रूप से बेसमेंट में चलाये जा रहे एक कोचिंग संस्थान में बरसात का पानी भर जाने से एक छात्र व दो छात्राओं की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इस घटना को लेकर सड़क से संसद तक हंगामा हुआ है। जानलेवा परिस्थितियों में कोचिंग व संचालकों की मनमानी के खिलाफ प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश की तैयारी कर रहे छात्र सड़कों पर आंदोलन करते रहे हैं। निस्संदेह, यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि मोटे मुनाफे के प्रलोभन में मानव जनित त्रासदी है। विडंबना देखिये ये घटना देश की राजधानी में घटी है। यदि दिल्ली में कोचिंग संस्थानों में आपराधिक लापरवाही की यह स्थिति है तो शेष देश में प्रतिभावान छात्र किन अमानवीय परिस्थितियों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होंगे? सवाल है कि जब दिल्ली के इन इलाकों के बेसमेंट में किसी तरह की व्यावसायिक गतिविधि चलाना गैरकानूनी है तो फिर कैसे दर्जनों कोचिंग सेंटर बेसमेंट में चल रहे थे? क्यों एमसीडी व दिल्ली प्रशासन के अधिकारियों ने अवैध रूप से चलाए जा रहे इन कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की? अब जब जनाक्रोश बढ़ने लगा तो एमसीडी के एक छोटे अधिकारी को बर्खास्त व एक अधिकारी को निलंबित किया गया है। शनिवार को जिस कोचिंग सेंटर में हादसा हुआ उनके प्रबंधकों की गिरफ्तारी के अलावा कुछ अन्य कोचिंग संस्थानों को सील किया गया है। आखिर किसी न्यायोचित कार्रवाई के लिये हम किसी हादसे का इंतजार क्यों करते हैं? विडंबना देखिए कि छह माह पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के कोचिंग सेंटरों के नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी किये थे। जिसमें बुनियादी ढांचे की आवश्यकता,अग्नि सुरक्षा कोड, भवन सुरक्षा कोड और छात्रों के हित में अन्य मानकों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए थे। जिसका मकसद यही था कि शनिवार को हुए दिल्ली हादसे जैसी दुर्घटनाओं से छात्रों की जीवन रक्षा की जा सके। महत्वपूर्ण सवाल यह कि क्या देश के विभिन्न राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में इन निर्देशों का गंभीरता से पालन किया गया? यह भी कि क्रियान्वयन की निगरानी के लिये केंद्र सरकार ने कोई तंत्र विकसित किया है? दरअसल, कोचिंग संस्थानों की मुनाफाखोरी का खमियाजा अच्छी नौकरी के सपने देखने वाली प्रतिभाओं को उठाना पड़ रहा है। यही वजह है घटना पर सांसदों की चिंता के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को राज्य सभा में कहना पड़ा कि सुरक्षा पर लाभ को प्राथमिकता देने वाले कोचिंग सेंटर गैस चैंबर से कम नहीं हैं। निस्संदेह, नियामक तंत्र के अभाव में कोचिंग उद्योग महज मुनाफे का धंधा बन गया है। वर्ष 2022 के एक अनुमान के अनुसार देश का कोचिंग उद्योग 58 हजार करोड़ रुपये का था। वर्ष 2028 तक इसके 1.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोचिंग सेंटरों के संचालक मुनाफा बढ़ाने के लिए लागत कम करने से गुरेज नहीं करते। इसके बावजूद दिल्ली सरकार व एमसीडी शनिवार के हादसे की जवाबदेही से नहीं बच सकते। इस घटना का सबक यह है कि ऐसे हादसे देश के किसी भी क्षेत्र में न हों, इसके लिये समय-समय पर देशभर के कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया जाना चाहिए। नीति-नियंताओं को आग लगने पर कुंआ खोदने की प्रवृत्ति से बचना होगा। राजनेताओं को भी राजनीतिक मतभेदों से इतर इस तरह के हादसे रोकने के लिये गंभीर पहल करनी चाहिए। इन संस्थानों को पंजीकरण के समय से समयबद्ध निगरानी के दायरे में लाना चाहिए। इसके अलावा यह भी महत्वपूर्ण है कि इन कोचिंग संस्थानों के आसपास कमरे किराये पर लेकर रहने वाले छात्रों के रहने की उचित व्यवस्था की जाए। दिल्ली में छात्रों ने मकान मालिकों द्वारा मनमाने किराये वसूलने तथा व्यावसायिक दरों पर बिजली-पानी बिल वसूलने के आरोप लगाये हैं। यहां तक कि कुछ छात्रों ने देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर नारकीय परिस्थितियों से मुक्ति दिलाने की गुहार की है। निश्चित रूप से सामान्य मध्यवर्गीय परिवारों से आने वाली इन प्रतिभाओं को पढ़ने-रहने का उचित वातावरण मिलना चाहिए।

# भारत अमेरिकी संबंधों की बदलती हकीकत



जी. पार्थसारथी

वाशिंगटन में नाटो संगठन के मुल्क रूस-यूक्रेन युद्ध पर विचार करने के लिए बैठक करने में लगे थे, लेकिन उस दौरान राष्ट्रपति पुतिन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी की हालिया रूस यात्रा पर पश्चिमी जगत की भौंहें तन गईं। पिछली रूस यात्राओं की तरह मोदी की यह फेरी भी अनेकानेक मुद्दों पर सफल रही– इनमें सबसे महत्वपूर्ण रहा ऊर्जा और रक्षा सहयोग क्षेत्र में हुआ समझौता। यह ऐसे वक्त पर भी आया जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने भारत के मानवाधिकारों को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की। इस अजीब रिपोर्ट में भारत को वह देश बताया गया जहां मानवाधिकार हनन होना रोजाना का काम है। इसमें जोर देकर कहा गया कि मणिपुर पूरी तरह प्रभावित है, वहां दुराचार, सशस्त्र टकराव एवं हमले हो रहे हैं, घरों और पूजा स्थलों को तोड़ा जा रहा है, काम-धंधा ठप्प पड़े हैं। बाइडेन प्रशासन की रिपोर्ट आगे कहती है कि भारत के सिविल सोसायटी कार्यकर्ता और पत्रकार भी इन हालात की तस्दीक करते हैं। इस किस्म का घटनाक्रम किसी भी लोकतंत्र में अचानक घट सकता है, जब लोगों का एक वर्ग हथियार उठा ले। भारत में इस किस्म की घटनाओं की खबरें कोई नई नहीं हैं। लगभग 140 करोड़ लोगों वाले देश में मीडिया रिपोर्टिंग करने के लिए स्वतंत्र है। मणिपुर की बढ़ती हिंसा की प्रतिक्रिया में उम्मीद के अनुसार मोदी सरकार ने सुरक्षा बलों की तैनाती की है ताकि कर्फ्यू लगाकर स्थिति संभाली जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने भी मणिपुर के कुछ घटनाक्रमों में दखल देकर शांति स्थापना के लिए प्रभावशाली उपाय करने को कहा है।

मणिपुर, जो कि चीन की सीमा के पास स्थित है, में हिंसा मोटे तौर पर थम चुकी है। संसद में इस मुद्दे पर तीखी नोक-झोंक भी हो चुकी है, जिसमें विपक्ष ने मणिपुर को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की है। इस प्रकार के मुद्दे देश के संविधान के ढांचे के भीतर रहकर सुलझाए जा सकते हैं, जिसमें विपक्ष की सक्रिय भागीदारी और सर्वोच्च न्यायालय से गाहे-बगाहे मिलने वाले निर्देश शामिल होते हों। लेकिन भारत को लेकर ब्लिंकन रिपोर्ट एकतरफा, अयथार्थवादी और राजनयिक सरोकारों से परे प्रतीत होती है। इसको केवल एक गैर-जरूरी प्रयास कहा जा सकता है, जिसके परिणाम में भारत-अमेरिकी रिश्तों में कटुता पैदा हो सकती है। भारत में हालिया अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम को लेकर जो मुख्य प्रश्न पैदा हुआ है वह यह कि अगर कमला हैरिस जीतती हैं, तब क्या उनकी सरकार अपने पथप्रदर्शक जो बाइडेन द्वारा हालिया दिनों में अपनाई भ्रमपूर्ण और भारत के प्रति कम मित्रता रखने वाली राह अपनाएगी या फिर वे सामरिक संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाना चाहेंगी। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव जल्द होने जा रहे हैं। उम्मीद करें कि भारत-अमेरिका रिश्तों में नई शुरुआत होगी। रोचक कि द वॉल स्ट्रीट जर्नल लिखता है, 'कमला हैरिस की उम्मीदवारी बनने से डेमोक्रेट्स नई ऊर्जा के साथ उनके साथ आन खड़े हुए हैं। अब अमेरिका में वह राजनीतिक दौड़ होने जा रही है, जिसका परिणाम कांटे का रहने की उम्मीद है। राष्ट्रपति पद के चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को टक्कर देने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की तैयारी और आत्मविश्वास अब दिखाई देने लगा है।' राष्ट्रपति चुनाव से पहले के इन कुछ महीनों में अमेरिकी प्रशासन की मुख्य रुचि और ध्यान मुख्यतः रूस-यूक्रेन टकराव पर केंद्रित रहने वाला है, जहां बाइडेन के नेतृत्व वाला पश्चिमी जगत यूक्रेन को हथियार, गोला-बारूद, अस्त्र-शस्त्र जमकर और निरंतर दे रहा है। एक जर्मन संस्थान के अनुसार, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन द्वारा 2022 से यूक्रेन को जो सैन्य, वित्तीय और मानवीय सहायता दी जा चुकी है या आगे मिलेगी वह राशि 380 बिलियन डॉलर बनती है। यूक्रेन युद्ध का असर समूचे यूरोप को महसूस हो रहा है। यहां तक कि अज़रबेजान ने भी सूडान के माध्यम से यूक्रेन को बम पहुंचाए हैं। पाकिस्तान ने यह समझकर कि कहीं वह पीछे न रह जाए, यूक्रेन को आत्मघाती ड्रोन, चल-हवाई हमला रोधी प्रणाली और जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें मुहैया करवाई हैं। जान-माल की इतनी भारी क्षति वाली यह लड़ाई कब तक चलेगी, कोई नहीं जानता। यह चुनौती आगे भी जारी रहेगी, जब तक कि युद्ध का विरोध करने वाले डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति नहीं चुने जाते। ट्रंप इस बारे में एकदम स्पष्ट हैं कि वे अमेरिकी करदाता का धन यूक्रेन युद्ध में बहाए जाने के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन, यदि अंतहीन लगने वाली इस लड़ाई के लिए कमला हैरिस ने बाइडेन की धन और हथियार देने की नीतियां आगे जारी रखना चुना तो ट्रंप के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। हो सकता है शांति समझौते की खातिर रूस कब्जाया कुछ इलाका छोड़ने को राज़ी हो भी जाए लेकिन वह किसी भी सूरत में समुद्र तक जाते पहुंच मार्गों पर, पुराने जमाने से चले आ रहे अपने नियंत्रण पर, समझौता करने को तैयार न होगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका की उन चालों में भागीदार बन रहे थे, जिनसे रूस की क्षेत्रीय संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बनता हो। इतना पक्का है कि भारत को यूरोपियन ताकतों की आपसी प्रतिद्वंद्विता और महत्वाकांक्षा में फंसने में कोई रुचि नहीं है। लेकिन, उस सूरत से मुंह भी नहीं फेर सकता जब एक विदेशी शक्ति भारत के खिलाफ कुप्रचार को बढ़ावा देना चाहे। आखिरकार हम वाशिंगटन में शासन संभाल रहे उस शख्स से बरत रहे थे जिसने उप-राष्ट्रपति रहते हुए, पाकिस्तान दौरे पर राजधानी इस्लामाबाद से रावलपिंडी जाकर पाकिस्तानी सेना मुख्यालय में बैठे चार सितारा जनरल से मुलाकात करने की जहमत उठाई थी। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिन्कन ने फरवरी, 2021 में भारत की अपनी पहली यात्रा के समय से ही मानवाधिकार हनन का हवाला देना शुरू कर दिया था। तब उन्होंने कहा था 'दुनिया में कुछ ऐसे सरोकार भी हैं, जिनकी अहमियत भारत-अमेरिका संबंधों से अधिक है। हम विश्व के दो अग्रणी लोकतंत्र हैं और हमारी विविधता हमारी राष्ट्रीय मजबूती को सुदृढ़ करती है।'

सहज योग

# एक वृक्ष पर मुकुट के समान हैं सभी अवतार



आपके अस्तित्व में यह इस प्रकार घटित होना चाहिए, कि आप यह जानने में सक्षम हों कि कुंडलिनी क्या है। जैसे ही आप किसी को देखते हैं, आपको पता होना चाहिए कि वह कहां खड़ा है – जहां तक अध्यात्म का संबंध है।

उन्होंने कुंडलिनी पर कम से कम सौ किताबें पढ़ी होंगी, लेकिन यह उन्हें ज्ञात नहीं है, यह ज्ञान नहीं है। इसे अनुभूति प्रमाण देना होगा [अनिश्चित], इसे आपके केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर अनुभूत करना, जानना होगा। आपके अस्तित्व में यह इस प्रकार घटित होना चाहिए, कि आप यह जानने में सक्षम हों कि कुंडलिनी क्या है। जैसे ही आप किसी को देखते हैं, आपको पता होना चाहिए कि वह कहां खड़ा है – जहां तक अध्यात्म का संबंध है। जैसे ही आप वातावरण को महसूस करते हैं, आपको पता होना चाहिए कि आप कहां हैं जहां तक ईश्वर के दायरे का संबंध है। मुझे अवश्य ही आपको एक कहानी बतानी चाहिए। एक बार मैं कश्मीर में अपने पति के साथ यात्रा कर रही थी और एक बहुत ही जंगली जगह में, मुझे जबरदस्त चैतन्य महसूस हुआ। और मैंने कहा, "ये वायब्रेशन कहां से आ रहे हैं?" तो, मेरे पति ने कहा, "तुम्हें इस निर्जन स्थान में वायब्रेशन कैसे हो सकता है?" उन्होने ड्राइवर से पूछा। उसने कहा, "नहीं, यहां कोई मंदिर नहीं है, यहां कुछ भी नहीं है, यह बहुत जंगली जगह है।" मैंने कहा, "ठीक है, इस रास्ते पर चलते हैं"। और हम एक रास्ते आगे बढ़े, लगभग पांच मील और वहां कुछ मुसलमान, गरीब मुसलमान रह रहे थे। तो, ड्राइवर ने उनसे पूछा, क्या यहां कोई मंदिर है? उन्होंने कहा, "नहीं, कोई मंदिर नहीं है। लेकिन करीब एक मील आगे हजरतबल [हजरतबल मस्जिद] है।" हजरतबल में मोहम्मद साहब का एक बाल था। क्या आप उस चैतन्य की कल्पना कर सकते हैं? जिसे मैंने उन्हें मोहम्मद साहब के एक बाल से लगभग 5-6 मील दूर से पकड़ा। जब हम मोहम्मद को नकारते हैं, जब हम मसीह को नकारते हैं, जब हम कृष्ण को नकारते हैं या हम दत्तात्रेय को नकारते हैं, तो हम सत्य को नकार रहे हैं, क्योंकि वे सभी एक हैं। इसमें कोई फर्क नही है। वे जीवन के एक वृक्ष पर मुकुट के समान हैं। हम उनके आकलनकर्ता नहीं हैं। बल्कि वे हमारे न्याय कर्ता हैं। हमें उनका आकलन नहीं करना है, हमारे पास लोगों का आकलन करने की क्षमता नहीं है। हमारे पास जो क्षमता है, उसे हमें हासिल करना है, उस तक हमें पहुंचना है, उसमें परिपक्व होना है। अध्यात्मिकता को उस हद तक परिपक्व होना है जहां वह हज़रत निज़ामुद्दीन हो या श्रृष्टि हो या साईनाथ हो। आपको उन के माध्यम से उमड़ते हुए दत्तात्रेय के अलावा और कुछ नहीं दिखना चाहिए। उसके लिए आपको कबीर के उस दृष्टिकोण की आवश्यकता है। आपके पास नानक जैसा उत्थान होना चाहिए। नहीं तो हम सिर्फ बात करते हैं।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत

मुंशी प्रेमचंद

## आधुनिक हिंदुस्तानी साहित्य के लिए प्रसिद्ध



धनपत राय श्रीवास्तव जिन्हें उनके उपनाम प्रेमचंद से जाना जाता है। वह एक भारतीय लेखक थे जो अपने आधुनिक हिंदुस्तानी साहित्य के लिए प्रसिद्ध थे। प्रेमचंद हिंदी और उर्दू सामाजिक कथा साहित्य के अग्रणी थे। वह 1880 के दशक के अंत में समाज में प्रचलित जातिगत पदानुक्रम और महिलाओं और मजदूरों की दुर्दशा के बारे में लिखने वाले पहले लेखकों में से एक थे। उनकी कृतियों में गोदान, कर्मभूमि, गबन, मानसरोवर, ईदगाह शामिल हैं।

प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को बनारस के पास स्थित एक गांव लमही में हुआ था और उनका नाम धनपत राय था। उनके पूर्वज एक बड़े कायस्थ परिवार से थे, जिनके पास आठ से नौ बीघे ज़मीन थी। उनके दादा, गुरु सहाय राय एक पटवारी (ग्राम भूमि रिकॉर्ड-कीपर) थे, और उनके पिता अजायब लाल एक डाकघर क्लर्क थे। उनकी मां करौनी गांव की आनंदी देवी थीं, जो शायद उनके बड़े 'घर की बेटी' के किरदार आनंदी के लिए भी उनकी प्रेरणा थीं।

उन्होंने एक मिशनरी स्कूल में प्रवेश लिया जहां उन्होंने अंग्रेजी सीखी और जॉर्ज डब्लू.एम. रेनॉल्ड्स की आठ खंडों वाली द मिस्ट्रीज़ ऑफ़ द कोर्ट ऑफ़ लंदन पढ़ी। जब उन्होंने अपना पहला साहित्यिक लेखन लिखा तब वे गोरखपुर में थे। वह हमेशा अपने हिंदी साहित्य में सामाजिक यथार्थवाद के बारे में लिखने और समाज में महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करने में विश्वास रखते थे।

18 मार्च 1921 को अपनी नौकरी छोड़ने के बाद वह वाराणसी वापस चले गये और अपने साहित्यिक जीवन पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया। इस अवधि के दौरान उन्हें 1936 में अपनी मृत्यु तक वित्तीय समस्याओं और खराब स्वास्थ्य का सामना करना पड़ा। वह वर्ष 1923 में वाराणसी में सरस्वती प्रेस नाम से अपना खुद का प्रिंटिंग प्रेस और प्रकाशन गृह स्थापित करने में सफल हुए, जहाँ उन्होंने अपनी रचनाएं रंगभूमि, निर्मला, प्रतिज्ञा, गबन, हंस, जागरण प्रकाशित की। लम्बी बीमारी के बाद 8 अक्टूबर 1936 को उनका निधन हो गया।

जीवन ऊर्जा

फ्रेडरिक वोहलर : जन्म- 31 जुलाई 1800 — जन्म

# विज्ञान की खोज निरंतर सीखने और खोज की यात्रा है

फ्रेडरिक वोहलर एक जर्मन रसायनज्ञ थे जो अकार्बनिक पदार्थों से यूरिया को संश्लेषित करने के लिए प्रसिद्ध थे, उन्होंने साबित किया कि कार्बनिक यौगिक कृत्रिम रूप से बनाए जा सकते हैं। उनके काम ने आधुनिक कार्बनिक रसायन विज्ञान की नींव रखी और रासायनिक प्रक्रियाओं की वैज्ञानिक समझ में क्रांति ला दी। फ्रेडरिक वोहलर का जन्म 31 जुलाई 1800 को हुआ था और उनकी मृत्यु 23 सितम्बर 1882 को हुई थी।



ज्ञान की खोज अनंत संभावनाओं वाली यात्रा है। महान खोजें जिज्ञासा और अज्ञात की खोज करने के साहस से आती हैं। विज्ञान केवल उत्तरों के बारे में नहीं है, बल्कि सही प्रश्न पूछने के बारे में है। नवाचार एक विचार और उसे जीवन में लाने के दृढ़ संकल्प से शुरू होता है। mहर प्रयोग, चाहे वह सफल हो या असफल, हमें दुनिया को समझने के करीब लाता है। विज्ञान में चुनौतियाँ सीखने और विकास के लिए छिपे हुए अवसर हैं। विज्ञान में सफलता दृढ़ता और सत्य की निरंतर खोज से आती है। खोज की सुंदरता अप्रत्याशित और उसके द्वारा खोले गए नए क्षितिज में निहित है। शोध के प्रति समर्पण प्राकृतिक दुनिया के चमत्कारों को उजागर करने का एक मार्ग है। अपने विचारों की शक्ति पर विश्वास करें; वे दुनिया को बदल सकते हैं। विज्ञान में आगे बढ़ने वाला हर कदम हमारे ब्रह्मांड की बेहतर समझ की ओर एक कदम है। असफलता अंत नहीं है, बल्कि भविष्य की सफलता और खोज के लिए एक कदम है। अपनी जिज्ञासा को मार्ग दिखाने दें, और अपने जुनून को अपनी यात्रा को आगे बढ़ाने दें। विज्ञान का अर्थ है, उन संभावनाओं को देखना जहाँ अन्य लोग बाधाएँ देखते हैं। खोज का मार्ग प्रश्नों से भरा होता है और एक अडिग भावना से प्रेरित होता है। महान वैज्ञानिक सफलताएँ अज्ञात का पता लगाने की इच्छा से पैदा होती हैं। विज्ञान की खोज निरंतर सीखने और खोज की यात्रा है। विज्ञान में आगे बढ़ने के लिए, किसी को अनिश्चितता को स्वीकार करना चाहिए और इसे अवसर के स्रोत के रूप में देखना चाहिए। नवाचार मौजूदा मानदंडों को चुनौती देने और नए विचारों की खोज करने के साहस पर पनपता है। ज्ञान की खोज एक महान प्रयास है जिसके लिए धैर्य और जुनून दोनों की आवश्यकता होती है। हर वैज्ञानिक चुनौती सीखने, बढ़ने और नवाचार करने का एक मौका है। शोध में सफलता उन लोगों को मिलती है जो लगातार प्रयास करते हैं और कभी सवाल करना बंद नहीं करते। विज्ञान केवल उत्तर खोजने के बारे में नहीं है बल्कि नए प्रश्नों की खोज करने के बारे में है। अपने शोध के प्रति प्रतिबद्धता अभूतपूर्व खोजों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

प्रेरक प्रसंग

## कालूराम की बचत

कालूराम एक छोटे से गांव का रहने वाला एक बहुत ही गरीब व्यक्ति था।वह सुबह जो भी कमाता वह सिर्फ उसके रात का इंतजाम कर पाता था। दूसरे दिन अगर वह नहीं कमाए तो घरवाले भूखे रह जाते थे। एक समय ऐसा आया की कालूराम की तबीयत थोड़ी खराब होने लगी और न कमाने के कारन आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने लगी।कालूराम आर्थिक स्थितियों से परेशान हो गया और अब घर कैसे चलेगा इसके कारन वह परेशान हो गया। पूरी तरह से वह हार गया था, टूट गया था। उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि अब क्या होगा उसे लग रहा था कि बस अब मैं इस आर्थिक परिस्थिति को कभी ठीक नहीं कर पाऊंगा। कालूराम की पत्नी उसके पास गई और कहा कि आप चिंता मत करो मुझे पता है कि आपके मन में क्या चल रहा है। कालू राम की पत्नी ने कहा, निश्चिंत रहो हमारे पास कई महीनों का राशन पड़ा है । मैं थोड़े-थोड़े कर कर राशन बचाती थी जिससे विकट परिस्थिति में काम आ सके।यह सुनकर कालूराम के ऊपर से जो पहाड़ जैसा भार था वह तुरंत ही चला गया और उसे समझ आ गया कि थोड़ी-थोड़ी बचत अगर हम करें तो भविष्य में हमें परेशानियों से लड़ने की हिम्मत मिलेगी।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# माथे पर तिलक लगाने का महत्व



तिलक लगाने की परंपरा और तिलक क्यों लगाया जाता है इससे क्या लाभ होता है। सनातन परंपरा में माथे पर तिलक लगाने का काफी महत्व माना गया है। विवाहित स्त्रियां माथे पर कुमकुम का तिलक लगाती हैं. पूजा के समय या किसी भी शुभ कार्य के मौके पर भी मस्तक पर तिलक जरूर लगाया जाता है। अलग अलग मौकों पर अलग चीजों से तिलक लगाने का चलन है। ये संस्कृति प्राचीन काल से चली आ रही है-:

धार्मिक मान्यता के अनुसार मस्तक के बीचोंबीच भगवान शिव विष्णु ब्रह्मा त्रिदेव का निवास होता है. उस स्थान पर ही तिलक भी लगाया जाता है।मान्यता है कि इससे भगवान त्रिदेव प्रसन्न होते हैं। महिलाएं इसे देवी का आशीर्वाद मानकर मस्तक पर लगाती हैं। इसके अलावा इस स्थान को त्रिवेणी या संगमभी कहा जाता है, क्योंकि यहां पर शरीर की तीन नाड़ियां एक साथ मिलती हैं।यही स्थान मन व गुरु का भी होता है, इसलिए इसे काफी महत्वपूर्ण माना जाता है. इस स्थान पर तिलक लगाने से मन की एकाग्रता बढ़ती है और व्यक्ति का तेज बढ़ता है। हमारी संस्कृति में प्रातः काल स्नान के बाद तिलक लगाने की परंपरा वैदिक काल से है। और तिलक लगाने से आध्यात्मिक उन्नति भी होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से हमारे शरीर में सात चक्र होते हैं, इन्हें ऊर्जा का केंद्र माना जाता है. मस्तक के बीचोंबीच आज्ञाचक्र होता है. यही स्थान पीनियल ग्रन्थिका होता है. जब उस स्थान पर तिलक लगाया जाता है तो पीनियल ग्रन्थि का उद्दीपन होता है इससे शरीर के सूक्ष्म और स्थूल अवयन जागृत होते हैं।मस्तक पर तिलक लगाने से बीटाएंडोरफिन और सेराटोनिन नामक रसायनों का स्राव भी संतुलित होता है। इससे मस्तिष्क शांत होता है। एकाग्रता बढ़ती है, गुस्सा और तनाव कम होता है और सकारात्मक सोच विकसित होती है। कुछ वर्षों तक लगातार तिलक लगाने से आपकी मूल्यांकन क्षमता और दूरदर्शिता में अद्भुत विकास होता है। प्रतिदिन तिलक लगाने से धीरे-धीरे आपके अंदर सिक्स्थ सेंस का जागरण होता है जिसकी वजह से आप भविष्य में आने वाली आपात घटनाओं व समस्याओं का आभास आपको होने लगता है,और आप कॉफी समस्याओं व दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। सबसे उत्तम तिलक केसर, हल्दी, कुमकुम, रोली, सिन्दूर और चंदन के होते हैं, इनमें से कोई भी तिलक लगाएंगे वो आपको निश्चित लाभ देगा।

ध्यान रहे कृत्रिम वस्तुओं का तिलक कोई लाभ नहीं देता। अतःतिलक हमेशा शुद्ध व प्राकृतिक वस्तुओं का ही लगायें जैसेचंदन, हल्दी, केसर इत्यादि। तिलक को आप गंगाजल से या गुलाब जल से गिला कर सकते हैं।तिलक लगाने का लाभ तभी मिलेगा जब नियमित रूप से तिलक लगाया जाए और कम से कम दोपहर तक तिलक माथे पर रहना आवश्यक है। निश्चित मानिए जब आप अपने प्रभु के नाम का प्रतिदिन प्राकृतिक वस्तुओं का तिलक लगाना शुरू करेंगे तो आपके विचार भी सुंदर होंगे और आपका चेहरा भी आकर्षक लगेगा।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सुविचार



जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिए, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# बुज़ुर्गों की हड्डियों को मजबूत रखेंगे ये फूड



जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, हड्डियों को मजबूत रखना बहुत ज़रूरी हो जाता है। बुज़ुर्ग लोगों के लिए, सही खाद्य पदार्थ खाने से हड्डियां मज़बूत बनी रहती हैं। दूध, पत्तेदार सब्ज़ियां और बादाम हड्डियों के लिए अच्छे होते हैं। इन खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करके, बुज़ुर्ग सक्रिय रह सकते हैं और जीवन का ज़्यादा आनंद ले सकते हैं।

## यहां कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ दिए गए हैं जो बुज़ुर्गों की हड्डियों को मज़बूत बनाने में मदद कर सकते हैं:

### दूध और डेयरी उत्पाद

दूध, दही और पनीर में कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है, जो मज़बूत हड्डियों के लिए ज़रूरी है। रोज़ाना एक गिलास दूध या एक कटोरी दही खाने से कैल्शियम की ज़रूरत पूरी हो सकती है।

### पत्तेदार हरी सब्ज़ियां

पालक, केल और मेथी के पत्ते कैल्शियम और विटामिन K के बेहतरीन स्रोत हैं, जो हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए ज़रूरी हैं। इन हरी सब्ज़ियों को नियमित रूप से खाने में शामिल करना बहुत फ़ायदेमंद हो सकता है।

### मछली

सैल्मन और सार्डिन जैसी मछलियों में विटामिन डी और ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं। विटामिन डी शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है और ओमेगा-3 सूजन को कम करता है, जिससे हड्डियों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। हफ़्ते में दो बार मछली को अपने आहार में शामिल करना मददगार हो सकता है।

### अंडे

अंडे विटामिन डी और प्रोटीन से भरपूर होते हैं। रोज़ाना के खाने में अंडे को शामिल करने से हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए ज़रूरी पोषक तत्व मिल सकते हैं।

### दालें और बीन्स

दालें, छोले और बीन्स प्रोटीन और मैग्नीशियम के अच्छे स्रोत हैं, जो हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए ज़रूरी हैं। इन दालों का नियमित सेवन हड्डियों को मज़बूत बनाए रख सकता है।

### फल

संतरे, केले और पपीते विटामिन सी और पोटैशियम से भरपूर होते हैं। विटामिन सी कोलेजन के निर्माण में मदद करता है, जो हड्डियों की मज़बूती के लिए ज़रूरी है, जबकि पोटैशियम एसिड को बेअसर करता है जो हड्डियों को कमज़ोर कर सकते हैं।

# ब्लैक कॉफी पिएं और रहें स्वस्थ



बिना चीनी या क्रीम के सेवन की जाने वाली ब्लैक कॉफी के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। ब्लैक कॉफ़ी, जब संयमित मात्रा में पी जाती है, तो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। यहऊर्जा बढ़ाती है, वजन घटाने में सहायता करती है, एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करती है और कईबीमारियों से बचाती है। एक कप ब्लैक कॉफ़ी का आनंद लेना आपके समग्र स्वास्थ्य औरतंदुरुस्ती को बेहतर बनाने का एक सरल तरीका हो सकता है।

### ऊर्जा और सतर्कता बढ़ाता है

ब्लैक कॉफी मेंकैफीन होता है, जो एक प्राकृतिक उत्तेजक है। यह ऊर्जा केस्तर को बेहतर बनाने में मदद करता है और आपको सतर्क रखता है। एक कप ब्लैक कॉफीपीने से आप ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और कम थका हुआ महसूस कर सकते हैं।

### वजन घटाने मेंसहायक

ब्लैक कॉफी मेंकैलोरी कम होती है और यह वजन घटाने में मदद कर सकती है। कैफीन मेटाबॉलिज्म कोबढ़ाता है, जो आपके शरीर को तेजी से वसा जलाने मेंमदद करता है। वर्कआउट से पहले ब्लैक कॉफी पीने से आपको अतिरिक्त ऊर्जा मिल सकती हैऔर आपका प्रदर्शन बेहतर हो सकता है।

### एंटीऑक्सीडेंटसे भरपूर

ब्लैक कॉफ़ीएंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो शरीर मेंफ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करती है। फ्री रेडिकल्स कोशिकाओं को नुकसान पहुंचासकते हैं और उम्र बढ़ने और बीमारियों में योगदान दे सकते हैं। ब्लैक कॉफी मेंमौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके शरीर को इस नुकसान से बचाने में मदद करते हैं।

### शारीरिकप्रदर्शन में सुधार

ब्लैक कॉफी मेंमौजूद कैफीन रक्त में एड्रेनालाईन के स्तर को बढ़ाता है। यह हार्मोन आपके शरीर कोशारीरिक परिश्रम के लिए तैयार करता है। यह आपको कठिन और लंबे समय तक वर्कआउट करनेमें मदद करता है, जिससे आपका समग्र शारीरिक प्रदर्शन बेहतरहोता है।

हृदय को रखे स्वास्थ्यब्लैक कॉफ़ीआपके हृदय को स्वस्थ रखने में मदद कर सकती है। मध्यम मात्रा में कॉफी का सेवन हृदयरोग और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने से जुड़ा है। यह रक्तचाप को बनाए रखने और रक्तपरिसंचरण में सुधार करने में मदद करता है।

### लिवर की सुरक्षा

नियमित रूप सेब्लैक कॉफी पीने से आपके लिवर की सुरक्षा हो सकती है। यह सिरोसिस और लिवर कैंसरजैसी लिवर बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है। ब्लैक कॉफी लिवर एंजाइम को बनाएरखने में मदद करती है, जो लिवर के कार्य के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### मूड में सुधारकरता है

ब्लैक कॉफ़ीआपके मूड को बेहतर बना सकती है और अवसाद से लड़ने में मदद कर सकती है। कैफीनडोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के स्राव को उत्तेजित करता है, जो आपको खुश और अधिक आराम महसूस करातेहैं।

# तनाव कम करने के गजब तरीके, आजमाएं जरूर



मानसिक तनाव महसूस करना सामान्य है, लेकिन विज्ञान का उपयोग करके इसे कम करने के सरल तरीके हैं। यहाँ कुछ आसान तरीके दिए गए हैं जो आपको शांत महसूस करने में मदद करेंगे:

### ◆नियमित रूप से व्यायाम करें

तनाव कम करने के लिए व्यायाम बहुत अच्छा है। जब आप अपने शरीर को हिलाते हैं, तो आपका मस्तिष्क एंडोर्फिन नामक रसायन छोड़ता है जो आपको खुश महसूस कराता है। दिन में सिर्फ़ 30 मिनट तक टहलना, जॉगिंग करना या डांस करना तनाव के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है।

### ◆गहरी सांस लेने का अभ्यास करें

गहरी सांस लेने से आपका दिमाग शांत होता है। धीमी, गहरी सांस लेने की कोशिश करें: अपनी नाक से सांस लें, इसे कुछ सेकंड के लिए रोके रखें और फिर अपने मुंह से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। ऐसा कुछ बार करने से आप ज़्यादा आराम महसूस कर सकते हैं।

### ◆पर्याप्त नींद लें

तनाव कम करने के लिए अच्छी नींद ज़रूरी है। हर रात 7-9 घंटे सोने की कोशिश करें। हर दिन एक ही समय पर सोने और जागने से आपके शरीर को नियमित शेड्यूल पर रहने में मदद मिलती है और तनाव कम होता है।

### ◆स्वस्थ भोजन खाएं

स्वस्थ भोजन खाने से आपको तनाव को प्रबंधित करने में मदद मिल सकती है। फल, सब्ज़ियां, मेवे और साबुत अनाज जैसे खाद्य पदार्थ आपके शरीर को मज़बूत रहने और तनाव को बेहतर ढंग से संभालने के लिए ज़रूरी पोषक तत्व प्रदान करते हैं।

# बच्चों के लिए आसानी से तैयार करें हेल्दी लंच बॉक्स



बच्चों के लिए एक स्वस्थ लंच बॉक्स तैयार करना आसान और मज़ेदार हो सकता है। बच्चों के लिए एक स्वस्थ लंच बॉक्स में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा और विटामिन का संतुलन होना चाहिए। विभिन्न प्रकार के अनाज, सब्जियां, फल और प्रोटीन का उपयोग करने से यह सुनिश्चित होता है कि आपके बच्चे को विकास और ऊर्जा के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व मिलें। भोजन को स्वादिष्ट और रंगीन रखें ताकि वे बच्चों को अधिक पसंद आएं।

## यहां कुछ सरल और पौष्टिक फूड दिए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपके बच्चे को संतुलित भोजन मिले:

### ○ सब्जी पराठा और दही

गेहूं के आटे से पराठे बनाएं और उनमें पालक, गाजर या आलू जैसी सब्जियां भरें। इसे सादे दही के एक छोटे कंटेनर के साथ मिलाएं। इससे कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और प्रोटीन मिलता है।

### ○ चावल और दाल

चावल का एक छोटा हिस्सा पकाएं और उसे दाल के साथ मिलाएं। स्वाद के लिए थोड़ा घी मिलाएं। यह मिश्रण प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और ज़रूरी वसा प्रदान करता है।

### ○ सब्जी पुलाव

चावल और मटर, गाजर और बीन्स जैसी मिश्रित सब्जियों के साथ सब्जी पुलाव बनाएं। अतिरिक्त प्रोटीन के लिए आप इसमें कुछ पनीर के टुकड़े भी मिला सकते हैं। यह डिश रंगीन और पोषक तत्वों से भरपूर है।

### ○ इडली विद सांभर

कुछ इडली (भाप से पकाए गए चावल के केक) को सांभर (दाल और सब्जी का स्टू) के एक छोटे कंटेनर में पैक करें। इडली हल्की और पचने में आसान होती है, जबकि सांभर स्वाद और पोषक तत्व प्रदान करता है।

### ○ उपमा या पोहा

सूजी के साथ उपमा या चपटे चावल के साथ पोहा तैयार करें। मटर, गाजर और टमाटर जैसी सब्जियाँ डालें। ये व्यंजन हल्के और पौष्टिक होते हैं, जो पेट भरने वाले लंच के लिए एकदम सही हैं।

### ○ फलों का सलाद और मेवे

सेब, केले और अंगूर जैसे मौसमी फलों के साथ एक छोटा सा फलों का सलाद शामिल करें। स्वस्थ नाश्ते के लिए बादाम या अखरोट जैसे मुट्ठी भर मेवे डालें। फल विटामिन प्रदान करते हैं, जबकि मेवे आवश्यक वसा और प्रोटीन देते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा।

**वृष:** कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी।

**मिथुन:** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह:** कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या:** रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**तुला:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक:** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**धनु:** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर:** किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। भ्रम की स्थिति बन सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। थकान व कमजोरी महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं।

**मीन:** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। नकारात्मकता रहेगी। अकारण क्रोध होगा। फालतू खर्च होगा।

# ज्योतिष में केतु का महत्व



ज्योतिष में केतु को बृहस्पति का चेला माना गया है अर्थात बृहस्पति प्रसन्न तो उनका चेला केतु भी प्रसन्न..जिनको कुंडली में केतु ग्रह परेशानी दे रहा हो जैसे अनजाना भय, लंबे समय तक रहने वाले असाध्य रोग,छवि धूमिल होना आदि। ऐसे में यदि आप किसी ब्राम्हण या ज्योतिषी मित्र को ₹काला रंग का गॉगल₹ गिफ़्ट करें तो केतु के अशुभ फलों में न्यूनता आयेगी। बृहस्पति-राहू को युति ₹चंडाल योग₹ में भी ये उपाय बृहस्पति को बल देगा। वृश्चिक लग्न या यदि सूर्य योगकारक होकर केतु से युति बनाये तो बहुत से राजयोग भंग हो जाते है अतः ऐसी अवस्था में भी ये उपाय केतु को शांत रखने हेतु मददगार सिद्ध होता है।

विशेषः-

1 जब भी गिफ़्ट दो तो ऐसा गॉगल खरीदों जितने मूल्य का आप भी पहनते हो, सस्ते में निपटाने के चक्कर में फुटपाथ या ठेले वाला गॉगल न दे।

2 उपाय केतु के लिए कर रहे हो तो गिफ्ट देने के लिए मंगलवार का दिन चुने।

3 उपाय बृहस्पति के लिए कर रहे हो तो गुरुवार का दिन चुने।

4ज्योतिष में केतु को एक अंधा ग्रह माना गया है अतः सामाजिक दृष्टि से भी नेत्रहीनों की मदद करने की सलाह केतु के उपाय से जोड़ी जाती है या फिर वो नेत्रहीन लोग जो काला गॉगल पहने लाठी लेकर चलते है.. काले गॉगल का दान/गिफ्ट केतु के लिए श्रेयस्कर उपाय है।

प्रियंका जैन
9769994439



# भारत ने पहली बार निशानेबाजी में ओलंपिक की मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता कोई पदक, भाकर-सिंह ने दस मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में कोरिया को दी मात

'मैं बहुत ही गर्व महसूस कर रही हूं। सभी को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। हम विरोधी टीम के प्रदर्शन पर नियंत्रण नहीं कर सकते लेकिन अपना प्रदर्शन तो अपने साथ में है। मैंने और मेरे जोड़ीदार ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके अंत तक जुझारूपन नहीं छोड़ा।' –मनु भाकर

'मुझे अच्छा लग रहा है। मुकाबला काफी कठिन था और काफी दबाव था। यह मेरे दिमाग में था कि पिछले शॉट को भुलाकर अगले शॉट पर फोकस करना है। मैं बता नहीं सकता कि भारत को दूसरा पदक जीतते देखकर कैसा लग रहा है।' –सर्बजोत सिंह



## मनु-सर्बजोत ने जीता मेडल

**एजेंसी । शेटराउ**

दो दिन पहले निशानेबाजी स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं मनु भाकर मंगलवार को एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। हरियाणा की मनु ने अपने राज्य के ही सर्बजोत सिंह के साथ मिलकर दस मीटर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांसे पर निशाना साधा। मनु-सर्बजोत ने कांसे के मुकाबले में दक्षिण कोरिया के ली वोन्हो और ओ ये जिन को 16-10 से पराजित कर देश को दूसरा पदक दिलाया। पहली बार भारत ने टीम स्पर्धा में पदक जीता।





### व्यक्तिगत में फाइनल से चूक गए थे सर्बजोत

अंबाला के धीन गांव के किसान के बेटे सर्बजोत 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत वर्ग में क्वालीफिकेशन में 577 के स्कोर के साथ नौंवे स्थान पर रहे थे। वह फाइनल में जगह नहीं बना सके थे। शीर्ष आठ खिलाड़ी फाइनल में पहुंचते हैं। वह विश्व चैंपियनशिप, विश्व कप और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता है।

### खराब शुरुआत के बाद वापसी

मनु और सर्बजोत ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 स्कोर करके कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। भारत की शुरुआत खराब रही जब सरबजोत का पहला शॉट 8-6 रहा लेकिन मनु ने 10-2 बनाया। कोरियाई जोड़ी ने कुल 20.5 स्कोर करके 2.0 की बढ़त बना ली। मिश्रित टीम वर्ग में पहले 16 अंक तक पहुंचने वाली टीम विजयी रहती है। पहला सेट हारने के बाद मनु ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए सिर्फ तीन बार 10 से कम स्कोर किया। इसके बाद से कोरियाई टीम के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया था।

### फुटबॉल छोड़ पिस्टल थामी थी सर्बजोत ने

अंबाला के किसान के बेटे सर्बजोत सिंह ने फुटबॉल छोड़कर पिस्टल थामी थी। 13 साल की उम्र तक उन्होंने फुटबॉल खेला। समर कैंप के दौरान अस्थायी शूटिंग रेंज में स्कूल के साथियों को एयर गन थामे देख उन्होंने अपना मन बदल लिया। पिता जितेंद्र सिंह से कहा कि वह निशानेबाजी करना चाहते हैं। पर महंगा खेल होने के कारण पिता ने मना कर दिया। सर्बजोत ने तो ठान लिया था सो उन्होंने मां को राजी कर लिया। पिता ने भी हामी भर दी। इसके बाद सर्बजोत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

'हमारे निशानेबाजों ने हमें गौरवान्वित करना जारी रखा है। दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सर्बजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत बेहद खुश है। मनु का यह लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण की बानगी पेश करता है।' **–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

'मनु ने इतिहास रच दिया, वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली निशानेबाज बन गई हैं। उन्होंने हमें गौरवान्वित किया। मैं उन्हें और सर्वजोत को भविष्य में और भी कई उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामनाएं देती हूं।' **–द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

'मनु और सर्बजोत को ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के लिए बहुत बहुत बधाई। आपके शानदार टीमवर्क ने देश को गौरवान्वित किया है।' **–मनसुख मांडविया, खेलमंत्री**

'मनु और सर्बजोत आपने वह कर दिखाया है जो पहले किसी भी भारतीय निशानेबाजी जोड़ी ने नहीं किया। भारत का पहला ओलंपिक निशानेबाजी टीम पदक। इस पल का आनंद लें, आपने इसे हासिल किया है। आप पर फक्र है।' **–अभिनव बिंद्रा**

### 12 साल बाद दो पदक

निशानेबाजी में 12 साल में पहला जबकि कुल दूसरा मौका है जब देश को दो पदक मिले। इससे पहले लंदन ओलंपिक 2012 में विजय कुमार ने रजत और गगन नारंग ने कांस्य पदक जीता था। भारत के निशानेबाजी में अब कुल छह पदक हो गए हैं। इनमें अभिनव बिंद्रा (2008 बीजिंग) स्वर्ण पदक जीतने वाले एकमात्र निशानेबाज हैं।

### तीसरी खिलाड़ी

मनु ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने इससे पहले रविवार को इसी स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में भी कांस्य जीता था। उनसे पहले शटलर पीवी सिंधु (2016 रजत, 2020 कांसा) और पहलवान सुशील कुमार (2008 कांस्य, 2012 रजत) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

### हैट्रिक का मौका

टोक्यो में खराब पिस्टल के कारण फाइनल में जगह बनाने से चूकने वाली झज्जर की 22 वर्षीय मनु के पास पदक की हैट्रिक लगाने का मौका है। वह अब दो अगस्त को 25 मीटर रैपिड में निशाना साधेंगी। उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2022 एशियाड में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

**फ्लैशबैक**

## नॉर्मन प्रिचार्ड ने आजादी से पहले हासिल की थी उपलब्धि

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ब्रिटिश-भारतीय नॉर्मन प्रिचार्ड का नाम मंगलवार को फिर चर्चा रहा, जब निशानेबाज मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनीं। प्रिचार्ड ने स्वतंत्रता से पहले वर्ष 1900 में पेरिस में ही हुए ओलंपिक खेलों में 200 मीटर फर्राटा और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था।

### आईओसी ने भारतीय माना था



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने प्रिचार्ड को भारतीय के रूप में सूचीबद्ध किया है तो वहीं विश्व एथलेटिक्स (पूर्व में आईएएएफ) ने उनके ओलंपिक पदकों का श्रेय ब्रिटेन को दिया है। प्रिचार्ड का जन्म 1875 में तत्कालीन कलकत्ता (अब कोलकाता) में हुआ था और 1929 में 54 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में उनकी मृत्यु हुई। हालांकि आईओसी ने माना कि उनकी राष्ट्रीयता के सवाल का जवाब देना आसान नहीं है। 'ओलंपिक्स.कॉम वेबसाइट के अनुसार, नॉर्मन प्रिचार्ड एक विवादास्पद ओलंपियन हैं क्योंकि ब्रिटेन और भारत दोनों ने दावा किया है कि उन्होंने 1900 ओलंपिक में उनके लिए प्रतिस्पर्धा की थी।

**मुंबई के मैदानों से**

## सेंट स्टॉनिसलॉस को खिताब

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



बान्द्रा की सेंट स्टॉनिसलॉस हॉय स्कूल ने फाइनल में टाई-ब्रेक में अंधेरी की होलि फेमिली हॉय स्कूल को 3-2 से पराजित करके डीएसओ के सौजन्य से आयोजित सुब्रोतो मुखर्जी मुंबई सबर्बन जिला बॉयज अंडर-15 फुटबॉल प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। विहान यादव ने पहले हॉफ में गोल करके होलि फेमिली हॉयल स्कूल को बढ़त दिलाई, लेकिन दूसरे हॉफ में स्ट्राईकर माज खान ने गोल उतार दिया। टॉई-ब्रेक में विजयी टीम की ओर से माज खान और आदर्श सिंह के निशाने सटीक रहे, जबकि दूसरी ओर सिर्फ धारिया टांक ही गोल करने में सफल रहे।

## खार जिमखाना स्नूकर में अग्रणी खिलाड़ी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

शनिवार, तीन अगस्त से आरंभ हो रहे सीआर रियल्टी-वेस्टर्न इंडिया अखिल भारतीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर स्पर्धा में कई बड़े खिलाड़ियों मे भाग लेने की पुष्टि की है। स्पर्धा सीनियर बिलियर्ड्स, सीनियर स्नूकर और जूनियर स्नूकर वर्गों में खेली जाने वाली है। स्पर्धा में ध्रुव सितवाला, पंकज अडवाणी, सौरव कोठारी, आदित्य मेहता, लक्ष्मण रावत, रुपेश शाह, ध्वज हारिया, आलोक कुमार, सिद्धार्थ पारेख और एस श्रीकृष्णा जैसे देश के अग्रणी खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सीनियर स्नूकर विजेता और उपविजेता को क्रमशः दो लाख और एक लाख 20 हजार रुपये, सीनियर बिलियर्ड्स विजेता को एक लाख और उपविजेता को 50 हजार रुपये मिलेंगे। जूनियर स्नूकर स्पर्धा में विजेता को 40 हजार और उप विजेता को 20 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।



## शाहरुख खान को आंखों में हो रही परेशानी

अभिनेता शाहरुख खान से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक परेशान हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, किंग खान की आंखों में परेशानी हो रही है, जिसके चलते वह इलाज के लिए अमेरिका रवाना हो गए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शाहरुख बीते दिन यानी 29 जुलाई को आंखों के इलाज के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल गए थे, जहां डॉक्टर ने उन्हें अमेरिका में इलाज कराने की सलाह दी।

### मुंबई में आंखों के इलाज से संतुष्ट नहीं शाहरुख

मुंबई में सही इलाज न होने के कारण शाहरुख ने अमेरिका में इलाज करने का फैसला लिया है। एक सूत्र ने कहा, 'शाहरुख 29 जुलाई को आंख के इलाज के लिए मुंबई के एक अस्पताल गए थे। इलाज योजना के अनुसार नहीं हुआ। शाहरुख को अब अमेरिका ले जाया जा रहा है।' फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। अभी तक किंग खान की तरफ से इस खबर को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

### ये हैं शाहरुख की आगामी फिल्में

शाहरुख के लिए 2023 काफी अच्छा रहा है। 'पठान' और 'जवान' के बाद किंग खान की पिछले साल की तीसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डंकी' भी दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही। अब शाहरुख के प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शाहरुख, सलमान खान के साथ यशराज के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' लेकर आने वाले हैं।

## सोनू सूद के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला खास तोहफा

अभिनेता सोनू सूद ने 30 जुलाई को अपना 51वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उन्होंने अपने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। सोनू ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फतेह' की रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया है। इसके साथ सोनू ने फिल्म के कई पोस्टर भी जारी किए हैं, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। जैकलीन फर्नांडिस भी 'फतेह' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। पोस्टर में अभिनेत्री की भी झलक दिख रही है।

'फतेह' एक साइबर क्राइम थ्रिलर फिल्म है। सोनू के निर्देशन में बन रही यह पहली फिल्म है। सोशल मीडिया पर पोस्टर साझा करते हुए सोनू ने लिखा, 'देश की सर्वश्रेष्ठ एक्शन फिल्म के लिए तैयार रहें।' यह फिल्म अगले साल धमाल मचाने को तैयार है। 'फतेह' 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में सोनू को कभी ना देखे गए एक्शन दृश्य करते देखा जाएगा। यह फिल्म असल घटनाओं से प्रेरित है।



## 'आंखों की गुस्ताखियां' में नजर आएंगे विक्रांत मैसी

अभिनेता विक्रांत मैसी को आखिरी बार फिल्म 'ब्लैकआउट' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। इससे पहले वह पिछले साल की सुपरहिट फिल्मों में से एक '12वीं फेल' में नजर आए थे। आने वाले दिनों में विक्रांत एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजदूगी दर्ज कराएंगे।



अब विक्रांत की आगामी परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। दरअसल, विक्रांत ने एक बार फिर निर्देशक संतोष सिंह से हाथ मिलाया है।

### दृष्टिहीन संगीतकार के किरदार में नजर आएंगे विक्रांत

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्रांत जल्द फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान वेब सीरीज 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' के निर्देशक संतोष सिंह ने संभाली है। इससे पहले विक्रांत और संतोष वेब सीरीज 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' में साथ काम कर चुके हैं, जिसे दर्शकों का काफी प्यार मिला था। 'आंखों की गुस्ताखियां' में विक्रांत एक दृष्टिहीन संगीतकार के किरदार में नजर आएंगे। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। विक्रांत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' को लेकर चर्चा में हैं। तापसी पन्नू और सनी कौशल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'फिर आई हसीन दिलरुबा' साल 2021 में आई फिल्म 'हसीन दिलरुबा' की दूसरी किस्त है। इस फिल्म को आप आगामी 9 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## वरुण धवन की भतीजी अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार



सिद्धार्थ धवन की बेटी और वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन महज 20 की उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। वह पिछले कुछ दिनों से अपनी पहली फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान संजय त्रिपाठी ने संभाली है। फिल्म से उनकी पहली झलक सामने आ गई है। एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं। अब 'बिन्नी एंड फैमिली' के ट्रेलर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है।

### 'स्त्री 2' के साथ रिलीज होगा 'बिन्नी एंड फैमिली' का ट्रेलर

पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, अंजिनी की पहली फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' का ट्रेलर स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 15 अगस्त, 2024 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म का ट्रेलर श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' के साथ जारी किया जा सकता है। इससे 'बिन्नी एंड फैमिली' के ट्रेलर को व्यापक पहुंच मिलेगी, क्योंकि उम्मीद है 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। 'बिन्नी एंड फैमिली' 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में पंकज कपूर और राजेश कुमार जैसे दिग्गज सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। शिवपुरी हिमानी और नमन त्रिपाठी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। एकता इस फिल्म का निर्माण महावीर जैन के साथ मिलकर कर रही हैं। फिल्म की कहानी संजय ने लिखी है। बॉक्स ऑफिस पर 'बिन्नी एंड फैमिली' का सामना सनी लियोनी की फिल्म 'कोटेशन गैंग' से होगा।

## 'औरों में कहां दम था' का नया गाना 'ऐ दिल ज़रा' जारी

'शैतान' और 'मैदान' के बाद अब अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी एक बार फिर तब्बू के साथ बनी है। दोनों ने कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी की जोड़ी देखने को भी मिलेगी। अब 'औरों में कहां दम था' का नया गाना 'ऐ दिल जरा' रिलीज हो गया है। 2 अगस्त को रिलीज होगी यह फिल्म 'ऐ दिल जरा' गाने के बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं, वहीं इस गाने को अमला चेबोलू और ऋषभ चतुर्वेदी ने मिलकर गाया है। एमएम कीरावानी ने इस गाने को कंपोज किया है। जिमी शेरगिल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इसके निर्देशन की कमान नीरज पांडे ने संभाली है।



## न्यूज़ ब्रीफ

### अधीर रंजन चौधरी का बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस महासचिव और पश्चिम बंगाल के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार (29 जुलाई) को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मीटिंग की थी। चौधरी 1999 से लगातार बहरामपुर लोकसभा सीट से जीतते आ रहे थे। लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में वे TMC कैंडिडेट और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान से हार गए।

### जम्मू-तवी एक्सप्रेस में बम की अफवाह, रास्ते में रोकी गई ट्रेन

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में मंगलवार (30 जुलाई) की सुबह बम की सूचना के बाद जम्मू तवी से अहमदाबाद जा रही एक्सप्रेस ट्रेन को रोका गया है। ट्रेन को सर्च के लिए कासु बेगू रेलवे स्टेशन पर रोका गया है। ट्रेन में सवार सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया है। रेलवे और पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। सभी डिब्बों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन बम की सूचना उस समय मिली, जब ट्रेन फिरोजपुर रेलवे स्टेशन से बठिंडा सेक्शन पर फरीदकोट रेलवे स्टेशन की ओर रवाना हुई।

### लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने असम के राज्यपाल पद की शपथ ली

**दिसपुर।** आरएसएस और भाजपा के पूर्व सदस्य रह चुके लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगलवार को असम के राज्यपाल पद की शपथ ली। उन्होंने गुलाब चंद कटारिया का स्थान लिया, जिन्हें पंजाब का राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासक नियुक्त किया गया है। गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विजय बिश्नोई ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को पद की शपथ दिलाई। आचार्य को मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। नई नियुक्ति से पहले वे सिक्किम के राज्यपाल थे। साथ ही उत्तर प्रदेश विधान परिषद का भी हिस्सा रह चुके हैं।

### लोकसभा में ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ 48.21 लाख करोड़ का बजट

**नई दिल्ली।** लोकसभा में वर्ष 2024-25 के लिए 48.21 लाख करोड़ के बजट को स्वीकृति मिल गई है। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्नीर के लिए भी ध्वनि मत से बजट को स्वीकृति दी गई। लोकसभा में केंद्रीय बजट और जम्मू-कश्मीर के बजट को ध्वनि मत से स्वीकृत किया गया। इसके अलावा अन्य विधेयकों को भी लोकसभा से स्वीकृति दी गई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 'हम राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत से नीचे लाएंगे। इसके अलावा 2025-26 में भी राजकोषीय घाटे को 4.5 फीसदी से नीचे लाया जाएगा।'

# संसद में जम्मू-कश्मीर का बजट पेश

## पिछले साल के मुकाबले 110 करोड़ कम

▶▶ इंफ्रा और रोड पर फोकस, 370 हटने के बाद 5वां पूर्ण बजट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार (30 जुलाई) को संसद में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट पेश किया। जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1 लाख 18 हजार 390 करोड़ रुपए का बजट पेश हुआ है। बीते साल यह 1 लाख 18 हजार 500 करोड़ रुपए था। इस साल इसमें 110 करोड़ की कमी आई है। फाइनेंशियल ईयर 2024-35 में जम्मू-कश्मीर के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में 7.5% की ग्रोथ और 7,902 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा (फिस्कल डेफिसिट) रहने का अनुमान है। इससे पहले 5 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया था। बजट में कहा गया है कि यह जम्मू-कश्मीर के विकास का बजट है। इसमें जम्मू-कश्मीर के लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को शामिल किया गया है। इसका लक्ष्य जम्मू-कश्मीर के लोगों की बेहतरी के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास की गति को तेज करना है। प्रदेश में निर्वाचित सरकार नहीं होने की वजह से यह जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट है जो संसद में पेश हुआ है।



### जम्मू-कश्मीर के बजट में 5 फोकस पॉइंट

- फिजिकल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण
- गवर्नेंस और ग्रासरूट डेमोक्रेसी को मजबूत करना
- सस्टेनेबल एग्रीकल्चर और इंडस्ट्रियल ग्रोथ को बढ़ावा देना
- एंप्लॉयमेंट जनरेशन और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को बढ़ाना
- महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन

### केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद संसद में पेश होता है जम्मू-कश्मीर का बजट

5 अगस्त 2019 को ऑर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर दो केंद्र शासित प्रदेश में बंट गया। पहला जम्मू-कश्मीर और दूसरा लद्दाख। तभी से जम्मू-कश्मीर को बजट संसद में पेश किया जा रहा है। 2018 में जम्मू-कश्मीर का बजट विधानसभा में पेश हुआ था। राज्य में एक बार चुनाव होने के बाद बजट फिर से विधानसभा में ही पेश किया जाएगा। 11 दिसंबर, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2024 से पहले केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है।

# विपक्षी गठबंधन के पास कोई राष्ट्रवादी सोच नहीं : पीयूष गोयल

▶▶ केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में राहुल गांधी के दावों को नकारा

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर उनके भाषण को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के पास न तो राष्ट्रवादी सोच है और न ही देश की जनता के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण में जो भी दावे किए, वे सभी निराधार हैं। राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में आरोप लगाया था कि चारों ओर भय का माहौल है और छह लोगों का एक समूह पूरे देश को 'चक्रव्यूह' में फंसा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, राहुल गांधी के भाषण से यह स्पष्ट हो गया कि तथाकथित 'इंडी' गठबंधन में कोई राष्ट्रवादी सोच नहीं है। तर्कहीन दावे और मांग करने के अलावा, उनके पास लोगों के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है। गोयल ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष को विपक्ष के नेता से बार-बार कहना पड़ा कि सदन की गरिमा बनाए रखें और निराधार दावे न करें। मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण ने यूपीए की खोखली सोच ही प्रदर्शित की है। गोयल ने कहा, जब यूपीए सत्ता में थी, तो उसने किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी लागू नहीं की थी और यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे सदन के अंदर और बाहर अक्सर उठाया जाता है।

**राउ कोचिंग हादसा**

# एनएचआरसी ने जारी किया नोटिस

▶▶ दिल्ली सरकार, पुलिस कमिनश्नर और MCD कमिश्नर से रिपोर्ट मांगी

▶▶ स्टूडेंट्स का तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी




**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के राउ IAS कोचिंग सेंटर के बेसमेंट हादसे पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और MCD कमिश्नर को नोटिस जारी किया है। आयोग ने 14 दिन के अंदर डिटेल रिपोर्ट मांगी है। साथ ही मुख्य सचिव को निर्देश दिया गया है कि राज्य में नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी कोचिंग सेंटर्स का पता लगाएं। दूसरी तरफ, हादसे के तीसरे दिन भी सिविल सेवा अभ्यर्थियों और स्थानीय लोगों ने राउ IAS कोचिंग सेंटर के बाहर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा है। राऊ IAS स्टडी सर्किल के एक अभ्यर्थी ने कहा- बेसमेंट में कोई बायोमेट्रिक लॉक सिस्टम ही नहीं था। वहां दो दरवाजे थे। एक शाम 6 बजे बंद हो जाता था। दरअसल हादसे वाले दिन से ही दावा किया जा रहा था कि बायोमेट्रिक लॉक खराब होने के कारण ही स्टूडेंट्स बेसमेंट में फंस गए थे।

### मानवाधिकार आयोग ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर एक्शन लिया

आयोग ने कहा है कि मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आया है कि जलभराव के संबंध में अधिकारियों से कई शिकायतें की गईं, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे नजर आता है कि अधिकारियों ने लापरवाही की। वहीं, आयोग ने पटेल नगर इलाके में जलभराव के कारण पानी में फैसले करंट से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी की मौत पर भी संज्ञान लिया है।

### कैंडल मार्च और भूख हड़ताल की योजना

विरोध प्रदर्शन पर बैठे लोगों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जातीं तब तक विरोध जारी रहेगा। हम कैंडल मार्च और भूख हड़ताल भी करेंगे। हमारी मांगें राऊ के आईएएस स्टडी सर्कल से पीड़ित के परिवार के सदस्यों को नैतिक आधार पर तत्काल मुआवजा और सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की हैं।



# दिल्ली परिवहन में शामिल की गईं 320 नई इलेक्ट्रीक बसें

## LG ने हरी झंडी दिखाई

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के एलजी ने वीके सक्सेना ने मंगलवार (30 जुलाई) को 320 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि बसें प्रदूषण के खिलाफ हमारी लड़ाई को मजबूत करेंगी। इसके साथ ही शहर में इलेक्ट्रीक बसों की संख्या 1970 हो गई है। आने वाले समय में ऐसी और बसें जोड़ने की योजना है। बांससेरा में फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम में मौजूद परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली अब भारत का पहला और दुनिया भर में तीसरा शहर बन गया है जहां सबसे अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक बसें हैं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ I.N.D.I.A. का धरना खत्म

## दिल्ली समेत 19 राज्यों में प्रदर्शन

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में I.N.D.I.A. ब्लॉक ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना समेत देश के 19 राज्यों में धरना-प्रदर्शन हुए। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल आम आदमी पार्टी (AAP) के नेताओं सहित मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है। AAP ने BJP पर केजरीवाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पार्टी ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया है कि तीन जून से सात जुलाई के बीच उनका शुगर लेवल 34 बार गिरा।

### AAP बोली- दिल्ली सीएम की जान को खतरा



### 'मगुंटा रेड्डी-ईडी में डील हुई और अरविंद केजरीवाल जेल गए'




दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सिर्फ एक बयान पर ED ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। ED ने NDA सांसद मगुंटा रेड्डी से हुई मुलाकात को घुमा दिया। सांसद पर दबाव बनाया कि आरोप लगाओ, अरविंद केजरीवाल ने मुझसे 100 करोड़ रुपए मांगे थे। मगुंटा रेड्डी और ED में डील हो गई। इसके बाद अरविंद केजरीवाल को ED ने अरेस्ट कर लिया। मगर ट्रायल कोर्ट ने बेल दे दी और कहा एक बयान पर बिना सबूत के सीएम को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ED अपने वकील के भाई के कोर्ट में जाकर इस बेल पर स्टे ले आई। CBI ने इन्हीं सांसद के बयान पर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। इसका मकसद था कि सीएम को बाहर नहीं आने देना है।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दी बड़ी राहत

## EVM-VVPAT के 100% मिलान वाले फैसले पर नहीं होगा पुनर्विचार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम मशीन से 100 फीसदी मिलान कराने पर अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करेगा। 100 फीसदी मिलान को लेकर पुर्नविचार याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए कहा कि 26 अप्रैल के फैसले पर पुनर्विचार का कोई मामला नहीं बनता है। दरअसल 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपीएटी और ईवीएम मशीन की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

### पीठ ने की समीक्षा याचिका खारिज



पीठ ने 25 जुलाई के अपने आदेश में कहा, हमने समीक्षा याचिका और उसके समर्थन में दिए गए आधारों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। हमारी राय में, 26 अप्रैल, 2024 के फैसले की समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। तदनुसार, समीक्षा याचिका खारिज की जाती है। अरुण कुमार अग्रवाल द्वारा दायर समीक्षा याचिका में तर्क दिया गया कि 26 अप्रैल के फैसले में स्पष्ट गलतियां और त्रुटियां हैं। पुनर्विचार याचिका में कहा गया था, यह कहना सही नहीं है कि (ईवीएम मतों को वीवीपैट पर्चियों से मिलान करने से) परिणाम में अनुचित रूप से देरी होगी या इसके लिए पहले से तैनात लोगों से दोगुने लोगों की आवश्यकता होगी... मतगणना हॉलों की मौजूदा सीसीटीवी निगरानी यह सुनिश्चित करेगी कि वीवीपैट पर्चियों की गिनती में गड़बड़ी न हो।

### याचिकाकर्ता ने की थी क्रॉस वैरिफिकेशन की मांग

याचिकाकर्ता ने 26 अप्रैल के फैसले की समीक्षा की मांग की थी, जिसमें उन याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, जिनमें मतदाताओं द्वारा डाले गए मतों की ईवीएम में दर्ज मतों की वीवीपैट के साथ क्रॉस-सत्यापन (cross-verification) की मांग की गई थी। हालांकि, समीक्षा याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति नहीं देती हैं कि उनके वोट सही तरीके से दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, उनकी प्रकृति को देखते हुए, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें विशेष रूप से डिजाइनरों, प्रोग्रामर, निर्माताओं, रखरखाव तकनीशियनों आदि जैसे अंदरूनी लोगों द्वारा दुर्भावनापूर्ण परिवर्तनों के लिए असुरक्षित हैं।

# हाथ से मैला उठाने की प्रथा को समाप्त करने के लिए कोई विधेयक प्रस्तावित नहीं : सरकार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि सीवरेज की सफाई के पूर्ण मशीनीकरण और हाथ से मैला उठाए जाने की प्रथा को समाप्त करने संबंधी कोई विधेयक प्रस्तावित नहीं है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि सुरक्षित सफाई प्रथाओं के लिए संस्थागत व्यवस्था को औपचारिक रूप देने के उद्देश्य से हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 में संशोधन करने का प्रस्ताव था।



उन्होंने कहा कि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई राष्ट्रीय मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (नमस्ते) स्कीम को ध्यान में रखते हुए हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 में संशोधन नहीं करने का निर्णय लिया गया।

# टीएमसी नेता को मवेशी तस्करी मामले में एससी से मिली जमानत

## दो साल से जेल में थे बंद

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मवेशी तस्करी मामले में तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने मंडल को इस आधार पर राहत दी कि मामले की सुनवाई में समय लगेगा और वह दो साल से जेल में हैं। शीर्ष अदालत ने मंडल को जांच में सहयोग करने और पासपोर्ट जमा कराने का निर्देश दिया। मंडल की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि मामले में चार आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं और तृणमूल नेता (मंडल) को छोड़कर सभी आरोपी जेल से बाहर हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने जमानत अर्जी का विरोध किया और कहा कि मंडल एक बहुत प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वह सबूतों के साथ छेड़छाड़ में शामिल थे।

### वकील ने आरोपों को किया खारिज

सीबीआई ने दावा किया था कि मंडल पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले से बांग्लादेश में मवेशियों की तस्करी के मुख्य सूत्रधार थे। हालांकि, मंडल के वकील ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि इस संबंध में कोई सबूत नहीं मिला है।

# दो साल पहले नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को मौत की सजा

▶▶ 25 हजार का जुर्माना भी लगाया

**एजेंसी | अहमदाबाद**

गुजरात के एक विशेष पॉक्सो अदालत ने 2022 में गिर सोमनाथ जिले में एक आठ वर्षीय लड़की का दुष्कर्म करने के आरोप में 32 वर्षीय व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई है। विशेष जज एसआई भोरनिया ने आरोपी की जब तक मौत न हो जाए, तब तक उसे फांसी पर लटकाने का आदेश दिया। इसके साथ ही आरोपी पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

**क्या है मामला ?**

अदालत ने देखा कि आरोपी ने बहुत ही क्रूर तरीके से इस घटना को अंजाम दिया, इसलिए अन्होंने इसे दुर्लभतम मामला बताया। इस मामले में मौत की सजा के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। यह घटना 22 जून 2022 में गिर सोमनाथ जिले के कोडिनार तालुका में घटी थी। जिला पुलिस ने विशेष जांच दल का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोमाभाई सोलंकी के तौर पर की गई है। आरोपी पर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, हत्या और उसके शव को एक सुनसान जगह पर ठिकाने लगाने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पॉक्सो की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप



लगाया गया था। अदालत के समक्ष कुल 55 दस्तावेजी सबूत पेश किए गए और अभियोजन पक्ष ने मुकदमे के दौरान पीड़िता के परिवार, पड़ोसियों, पुलिस और फॉरेंसिक अधिकारियों से भी पूछताछ की। अदालत ने नाबालिग लड़की के परिवार को गुजरात पीड़ित मुआवजा योजना 2019 के तहत 17 लाख का भुगतान करने का भी निर्देश दिया।

# कार्टूनिस्टों को अभिव्यक्ति की आजादी है: केरल हाईकोर्ट

▶▶ कार्टून से तिरंगे में केसरिया की जगह काला रंग दिखाया

▶▶ झंडे के अपमान का मामला खारिज

**एजेंसी | तिरूवनंतपुरम**

केरल हाईकोर्ट का कहना है कि कार्टूनिस्ट, प्रेस और मीडिया का ही जरूरी हिस्सा हैं। इस नाते नाते भारतीय संविधान का आर्टिकल 19 (1) (A) उन्हें भी अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार देता है। यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय ध्वज के अपमान करने के लिए राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 की धारा 2 के अंतर्गतदर्ज केस खारिज कर दिया। दरअसल, मलयाला मनोरमा ने 70वें स्वतंत्रता दिवस पर महात्मा गांधी और भारतीय ध्वज का कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें केसरिया भाग के ऊपरी हिस्से को काली लाइन से दिखाया गया था। शिकायत BJP रीजनल कमेटी के महासचिव ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं ने FIR और क्लोजर रिपोर्ट रद्द करने की मांग की थी।

### कार्टूनिस्ट को अपनी राय जाहिर करने का मौलिक अधिकार



जस्टिस पीवी कुन्हिकृष्णन ने सुनवाई के दौरान कहा कि कार्टूनिस्ट का छोटा सा चित्र पावरफुल विजुअल कमेंट होता है जो देखने वालों को आकर्षित और प्रेरित करता है। कार्टूनिस्ट भी प्रेस और मीडिया का ही हिस्सा हैं। उन्हें भी संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली है। मौलिक अधिकार उन्हें कार्टून, कैरिकेचर और दृश्य कला के बाकी फॉर्मेट्स के जरिए अपनी राय, विचार और रचनात्मकता व्यक्त करने की परमिशन देता है। हालांकि, यह आजादी भी संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ प्रतिबंध के अधीन है, ताकि देश की एकता, अखंडता पर असर न हो।

# जम्मू-कश्मीर के राजौरी में गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल व्यक्ति पर PSA के तहत केस दर्ज

**एजेंसी | राजौरी**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में अवैध गतिविधियों में शामिल एक व्यक्ति को PSA (पब्लिक सेफ्टी एक्ट) के तहत पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का नाम मोहम्मद असलम उर्फ कारी है। उसे जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के डिस्ट्रिक्ट जेल भेजा गया है। असलम मूल रूप से गांव खोरीवाली-दरहाल का रहने वाला है। उसके खिलाफ साल 2012 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और सीआरपीसी की अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया था। वह लगातार गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल रहा है। इसके चलते उसके खिलाफ एक्शन लिया गया।